दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 278 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

दवां और दारू के बीच चोली दामन का रिश्ता है। तभी तो आम बोलचाल की भाषा में बीमार व्यक्ति को दवा दारू कराने की सलाह दी जाती है। यह बात अपने घुंगरू सेठ से बेहतर और कौन समझ सकता है। उनकी सरकार ने जब दारू घोटाला किया तो भला दवा घोटाला करने से कैसे पिछे रहती? मोहल्ला क्लिनिक खोलने के नाम पर ही नही बल्कि वहां नकली दवायें खपाने तक और टेस्ट के नाम पर भी फर्जीवाड़ा कर भारी घोटाला हुआ। अब दवा घोटाले की सीबीआई जांच होने जा रही है इसे भी कट्टर ईमानदार बदले की कार्यवाही बतायेंगें।

बिलकिस को सुको से मिला न्याय गुजरात सरकार को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी (रिटायर्ड) के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें 11 दोषियों को गुजरात सरकार से शीघ्र माफी के लिए अपील करने की अनुमति दी गई थी। गुजरात सरकार ने इन्हें 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया था। बेंच ने सभी 11 दोषियों को 2 सप्ताह में सरेंडर करने को कहा। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, फि र गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है? केस के सभी 11 दोषी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रिहा कर दिए गए थे।

2008 में 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा मिली

गैंगरेप के आरोपियों को 2004 में गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2008 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपियों की सजा को बरकरार रखा था। आरोपियों को पहले मुंबई की आर्थर रोड जेल और इसके बाद नासिक जेल में रखा गया था। करीब 9 साल बाद सभी को गोधरा की सबजेल में भेज दिया गया था।

5 महीने की गर्भवती थीं बिलकिस

गुजरात में गोधरा कांड के बाद 3 मार्च 2002 को दंगे भड़के थे। दंगों के दौरान दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका में रंधिकपुर गांव में उग्र भीड़ बिलकिस बानो के घर में घुस गई। दंगाइयों से बचने के लिए बिलकिस अपने परिवार के साथ एक खेत में छिपी थीं। तब बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वे 5 महीने की गर्भवती थीं।

दंगाइयों ने बिलकिस का गैंगरेप किया

दंगाइयों ने बिलकिस का गैंगरेप किया। उनकी मां और तीन और महिलाओं का भी रेप किया गया। इस हमले में उनके परिवार के 17 सदस्यों में से 7 लोगों की हत्या कर दी गई थी। 6 लोग लापता पाए गए, जो कभी नहीं मिले। हमले में सिर्फ बिलकिस, एक शख्स और तीन साल का बच्चा ही बचे थे।

गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त हुए तो भारत मजबूत होगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष से बाहर निकालने के इरादे का इजहार करते हुए सोमवार को कहा कि गरीब-किसान-महिलाएं और युवा ये चार जातियां यदि सशक्त हो गई तो भारत सशक्त हो जाएगा। मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि 2-3 दिन पहले ही यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इस अवधि में 11 करोड़ लोगों का जुड़ना, ये अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। उन्होंने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश के सपनों की, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है और इसलिए आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार, अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देख रहा है। इस यात्रा को लेकर गांव हो या शहर, हर जगह उमंग, उत्साह और विश्वास है। देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। जिन गरीब लोगों का जीवन सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के इंतजार में बीत गया, वो आज एक सार्थक बदलाव देख रहे हैं। उन्होंने कहा, किसने सोचा था कि कभी सरकारी कर्मचारी, सरकारी अफसर, ये बाबू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज मोदी गारंटी की पूरी दुनिया में चर्चा

मोदी ने कहा, आज देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन मोदी की गारंटी का मतलब क्या है? आखिर, इस प्रकार मिशन मोड पर देश के हर लाभार्थी तक सरकार पहुंचना, ये इतनी मेहनत क्यों करते हैं। दिन रात सारी सरकार आपकी सेवा में इतनी मेहनत क्यों कर रही है? सरकारी योजनाओं के सैचुरेशन और विकसित भारत के संकल्प में क्या संबंध है? देश में अनेक पीढ़ियों ने अभाव में जीवन बिताया है, अधूरे-अधूरे सपनों के साथ जिंदगी सिमट गई। उन्होंने अभाव को ही अपना भाग्य माना और अभाव में ही जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर रहे।

कोई भी सरकारी योजना से छूटे न

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है- कोई भी हकदार, सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से, कई बार दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए ये मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही है। जबसे ये यात्रा शुरु हुई है तब से लगभग 12 लाख नए लाभार्थियों ने उज्वला के मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

बीजेपी नेता के विवादित बयान, कितने मारे जाएंगे हम नहीं जानते...

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने विवादित बयान दिया हैं। उन्होंने कहा- मंदिर की जमीन पर बनी मस्जिदों को मुसलमानों को स्वेच्छा से खाली कर देनी चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। कितने मारे जाएंगे या क्या होगा, यह हम नहीं जानते। ईश्वरप्पा ने यह बयान रविवार (7 जनवरी) को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने आगे कहा कि मथुरा सहित अभी देश के और दो स्थान हैं। एक बार कोर्ट का फैसला आ जाए, फि र हम अपने मंदिरों के निर्माण के लिए आगे बढ़ेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। हमारे मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी एक भी मस्जिद इस देश में नहीं टिकेगी। ये मेरी निजी राय है। ईश्वरप्पा इससे पहले भी कई बार अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। उन्होंने दिसंबर 2023 में कर्नाटक के गडग में कहा था- मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों को हम नहीं बख्शेंगे। देश में एक भी ऐसी मस्जिद नहीं टिकने देंगे। मैं प्रतिज्ञा करूंगा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र बने।

शेयर बाजार धड़ाम... निवेशकों के 3 लाख करोड़ डूबे

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार 8 जनवरी को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स जहां 670 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी गिरकर 21,500 के पास आ गया। इसके चलते निवेशकों के एक दिन में करीब 3 लाख करोड़ रुपये डूब गए। यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका की सरकारें महंगाई के आंकड़े जारी करने वाली है। इसके अलावा बाजार में आई हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली भी गिरावट का एक प्रमुख कारण रही। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी 0.87 फीसदी टूट गया जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.36 फीसदी गिरकर बंद हुआ। कारोबार के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2.76 लाख करोड़ का हुआ घाटा

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 8 जनवरी को घटकर 366.56 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 5 जनवरी को 369.32 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.76 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की वेल्थ में करीब 2.76 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है।

आप सांसद की जमानत याचिका पर ईडी को हाईकोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली शराब नीति (जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था) से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में बंद राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी से जवाब तलब किया और कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी को की जाएगी। अदालत के समक्ष सांसद सिंह का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने दलील दी कि याचिकार्ता को सिर्फ एक गवाह के बयान पर गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा कोई ठोस सबूत नहीं है। निचली अदालत ने 22 दिसंबर 2023 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। तेरह अक्टूबर से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद सिंह को ईडी ने चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

मोदी पर विवादित टिप्पणी मालदीव के उच्चायुक्त तलब

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में भारत सरकार ने सोमवार को मालदीव के उच्चायुक्त को तलब करके आधिकारिक रूप से विरोध व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार भारत मालदीव के मंत्रियों के बयानों को लेकर किसी भी तरह से नरमी दिखाने के लिए तैयार नहीं है। मालदीव में राजनयिक स्तर पर आधिकारिक विरोध दर्ज कराने के बाद भारत ने आज दिल्ली में मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है। मालदीव के उच्चायुक्त सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार भारत ने इस पूरे विवाद को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। मालदीव सरकार ने विवादित बयानबाजी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया है और एक आधिकारिक बयान जारी करके मंत्रियों के बयानों को उनका निजी विचार करार दिया है और सरकारी रुख से अलग बताया है।

पूर्व सीएम भूपेश के पिता नंदकुमार का निधन, अंतिम संस्कार कल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सोमवार सुबह 6 बजे उन्होंने रायपुर के बालाजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले महीने से बीमार चल रहे थे। नंदकुमार बघेल की पार्थिव देह पाटन सदन में अंतिम दर्शन के लिए रखी गई है। उनकी बेटी के विदेश से आने के बाद 10 जनवरी को गृह ग्राम कुरुदडीह में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। नंदकुमार बघेल पिछले 3 महीने से बीमार चल रहे थे। उन्हें ब्रेन और स्पाईन से संबंधित पुरानी बीमारी थी। 21 अक्टूबर 2023 बालाजी हॉस्पिटल मोवा रायपुर में भर्ती हुए तो उन्हें दिमाग में खून का थक्का जमा था और उन्हें निमोनिया था और पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैला था जिसे सेप्टिसिमिया कहते हैं। जिसकी वजह से नंदकुमार बिस्तर में पड़ गए और इन्हें वेंटिलेटर की जरूरत पड़ी। नंदकुमार बघेल के निधन पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नंदकुमार बघेल के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि ईश्वर परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। वहीं प्रियंका गांधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव के बीच ही बना दिए गए मंत्री, 11वें दिन मिली करारी हार

श्रीगंगानगर (एजेंसी)। राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। यह नतीजे सोमवार को आए। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था। जीत के बाद रुपिंदर कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के गृह मंत्री बोले- भाजपा की सरकार आने से नक्सली बौखलाए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सली वारदातों और बीजेपी नेती की हत्या पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेसियों को नक्सलियों के साथ मिले होने की बात कही है। वो कॉम्प्रोमाइज्ड रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने से नक्सली बौखलाए हुए हैं। अंबिकापुर के कार्यक्रम में रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर विजय शर्मा ने यह बयान दिया है। बीजेपी सरकार में नक्सली वारदात बढ़ने के कांग्रेस के आरोप पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों के साथ यह सब जानते हैं। इसी कारण नक्सलवाद बढ़ा है। बीजेपी की सरकार आने के बाद बौखलाहट है। नक्सलियों में इसलिए ऐसा हो रहा है। सरकार गठन के बाद आईईडी ब्लास्ट जैसी घटना में सीजी पुलिस और बीएसएफ के जवान शहीद हुए थे। वहीं भाजपा नेता असीम की पखांजूर में गोली मारकर हत्या मामले में गृहमंत्री ने कहा कि वह अपनी बाइक से जा रहे थे तो घटना हुई। उनकी हत्या हुई है, तार कहां तक जुड़ते हैं, आगे क्या होता है इसकी जांच पुलिस कर रही है। जल्द ही असली गुनहगार कौन है, वह सामने आएगा। पुलिस में बहुत ही स्पष्ट निर्देश हैं कि आरोपी जो भी हो उसे सख्त सजा होनी चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सम्मेलन... भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन से लोकसभा चुनाव का आगाज

प्रदेश की 11 सीटों पर जीत दिलाएंगे, न सोउंगा न सोने दूंगा : माथुर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भाजपा ने सरगुजा में सोमवार को अंबिकापुर में आयोजित संभागीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह से लोकसभा चुनाव का आगाज किया। अंबिकापुर पीजी कॉलेज के हॉकी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रभारी ओम माथुर ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रभारी होने के नाते लोकसभा चुनाव तक न तो सोउंगा न सोने दूंगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हो जाएं। अंबिकापुर में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में सरगुजा संभाग के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पहुंचे थे। वहीं इस संभागीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में प्रदेश प्रभारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खजाना खाली, मोदी गारंटी के सभी वादे पूरे होंगे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस ने पांच सालों में गरीबों का हक छीना। 25 दिनों में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के कई वादों पर काम शुरू कर दिया है। प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास बनेंगे। 2 साल का बकाया बोनस किसानों को दे दिया गया है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। विरासत में खजाना खाली मिला है। बावजूद इसके सभी वादे पूरे होंगे। किसानों का धान 3100 में खरीदा जाएगा। महतारी वंदन योजना का पैसा देने के लिए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। उज्जवला योजना के कार्डधारियों को पांच सौ में गैस सिलेंडर मिलेगा।

ओवर कांफिडेंस में थी कांग्रेस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व कांग्रेस ओवर कांफिडेंस में थी। ओम माथुर ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी, तो लोगों को विश्वास कम था। उन्होंने उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्रीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सरगुजा संभाग को कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुक्त कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि इस अभूतपूर्व जीत के बाद संभाग को मुख्यमंत्री व तीन मंत्री मिले हैं। हमें मिलकर लोगसभा की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करनी है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी सरकार

भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि किसी को छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने का भरोसा नहीं था। वोट शेयर में 13 प्रतिशत का उछाल एवं 54 सीटों पर जीत की किसी ने कल्पना नहीं की थी। जब मैं प्रभारी बना तो सभी सीटों पर जाकर कार्यकर्ताओं से मिला। कार्यकर्ताओं से बात कर भरोसा हुआ। तब मैंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। इस जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। इसलिए हम कार्यकर्ताओं का सम्मान कर रहे हैं। ओम माथुर ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है। हमें सभी 11 सीटें जीतनी है।

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

योगी सरकार का संकल्प : अयोध्या में यातायात हो सुगम, सुरक्षित हो सफर

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या को संवारने में प्रदेश की योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अध्यात्म से लेकर पौराणिकता और शिक्षा-चिकित्सा से लेकर यातायात तक हर जगह सरकार की नजर है। यहां के लोगों का सफर सुरक्षित व यातायात सुगम हो, इसके लिए आईटीएमएस (इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) प्रॉजेक्ट भी शुरू किया गया। 2017 के बाद से अयोध्या के यातायात पर भी पूरा ध्यान दिया जाने लगा। सरकार ने इस योजना को शुरू कराया था, जो अब तकरीबन पूरा हो चुका है। 20 चौराहों पर यह सिस्टम काम कर रहा है, वहीं दो अन्य चौराहों पर भी जल्द ही यातायात पर आईटीएमएस की नजर रहेगी। इस प्रॉजेक्ट की लागत लगभग 47.74 करोड़ रुपये है। अक्टूबर 2021 में इस कार्य को प्रारंभ किया गया था। 17 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसके प्रथम चरण का लोकार्पण किया जा चुका है। यह कार्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत कराया गया है।

14 स्थानों पर लगाए गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम

योगी सरकार ने अयोध्या के 14 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए हैं। इसके जरिए यात्रियों को समय-समय पर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी जाती है। सिग्नल के उल्लंघन पर मॉनिटरिंग रूम से चेतावनी भी दी जाती है। यही नहीं 20 स्थानों पर इमरजेन्सी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह बॉक्स कंट्रोल रूम को सूचना भेज देगा। आपात स्थिति में इससे काफी मदद मिलेगी।

बस अड्डा और एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर

अयोध्या के 20 स्थानों पर आईटीएमएस प्रॉजेक्ट शुरू हो गया है, जबकि न्यू बस अड्डा अयोध्या व एयरपोर्ट रोड (निर्माणाधीन) पर भी यह काम शुरू करने की योजना है, जिन जगहों से यातायात पर निगाहें रहेंगी, वे रिकाबगंज, सिविल लाइन, हनुमान गुफा, श्री राम अस्पताल, नया घाट, साकेत पेट्रोल पंप, देवकाली बाईपास, सुल्तानपुर बाईपास, रायबरेली बाईपास, सहादतगंज बाईपास, गुरु गोविंद सिंह चौराहा, पुलिस लाइन, टेढ़ी बाजार, उदया चौराहा, देवकाली तिराहा, गुदरी बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, नाका तिराहा, गुरु गोविंद सिंह, सहादतगंज हनुमानगढ़ी चौराहा, डीएम चौराहा हैं। यहां कार्य पूर्ण कर ट्रैफिक सिग्नल शुरू किए गए हैं। टेक्नोसिस सिक्योरिटी सिस्टम प्रा. लिमिटेड की तरफ से इस पर काम हुआ। वहीं अमानीगंज जलकल परिषद में बने अस्थायी कंट्रोल कमांड सेंटर से नजर रखी जा रही है। मंगल पांडेय चौराहे पर सर्वे कार्य किया जा रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि सिग्नल के साथ कैमरे भी लगाए गए हैं। यातायात को सुगम रखने के लिए यहां एनाउंसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। इसके जरिए समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

चार वेद, चार युग की प्रेरणा से बने चार मुख्य पथों ने किया अवधपुरी का कायाकल्प

अयोध्या। चार वेद, चार युग की प्रेरणा से योगी सरकार में बने चार पथों ने अवधपुरी के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। योगी सरकार के नेतृत्व में पुरातन वैभव को आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप ढालकर अयोध्या में कायाकल्प करने का मार्ग सुनिश्चित किया जा रहा है। यहां के चार प्रमुख पथ भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ चार वेदों और चार युगों की अवधारणा पर विकसित किए गए हैं, जिन्हें म्यूरल पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, पेबल स्टोन स्कल्चर, आधुनिक लाइटिंग, वाई-फाई कनेक्टिविटी समेत सौर ऊर्जा के उचित प्रयोग से वैश्विक प्रतिमान गढ़ने के अनुरूप बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या के विकास को तीव्र गति दी, वहीं 2017 के पहले नागरिक सुविधा के तौर पर उबड़-खाबड़ गड्ढेयुक्त अल्पविकसित सिंगल लेन सड़कें व संकरी गलियां ही अयोध्या की नियति बनकर प्रत्यक्ष तौर पर सकल विश्व की राजधानी की पराभव गाथा को बयां करती थी। वर्षो के पराभव के बाद अब अयोध्या जिस तेजी से विकास के नए प्रतिमान गढ़ रही है तथा वर्ष 2047 तक आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अपनी पहचान को पुख्ता करने के लिए सतत विकास की प्रक्रिया से गुजर रही है, निश्चित तौर पर डबल इंजन की सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ का कुशल नेतृत्व ही इसे संभव बना सकता है। घंटों तक बाधित विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजों में गंदगी व साफ-सफाई में अनियमितता, सड़कों पर मंडराता आवारा पशुओं का झुंड, सड़कों के नाम पर सिंगल लेन ऊबड़-खाबड़ गड्ढायुक्त मार्ग और उन पर चलता बेतरतीब ट्रैफिक अयोध्या की पहचान बन गए थे। मगर 2017 के बाद अयोध्या ने जिस तेजी से विकास की गति पकड़ी वह डबल इंजन की सरकार और विशेषतौर पर सीएम योगी के अयोध्या के प्रति आत्मिक लगाव के कारण ही संभव हो पाया। आज यहां भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ वर्ल्ड क्लास मॉडर्न फैसिलिटीज और हेरिटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड विंटेज साज-सज्जा से संवर रही है। यहां के इन चारों प्रमुख पथों को फसाड लाइटिंग, म्यूरल पेंटिंग, विंटेज विक्टोरियन सोलर टेल लैंप, आर्टिस्टिकली डिजाइंड आर्क लैंप, प्रॉपर पेवमेंट, इनलैंड ड्रेनेज व कॉनक्रीट लेआउट कैरियज वे, ग्रीनरी इनेबल्ड डिवाइडर, अवस्थापनाओं के संरचनात्मक विकास में फाइबर ग्लास, कंक्रीट मॉडलिंग के साथ ही सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए स्मार्ट ट्रैफिक रेगुलेशन सिस्टम भी अयोध्या में इन चारों मुख्य पथों पर लागू है।

अयोध्या के चार प्रमुख पथों के नाम, उनकी पूर्व, वर्तमान स्थिति व दोनों में फर्क

रामपथ

प्रसार: सहादतगंज से लता मंगेशकर चौक (नया घाट) को जोड़ती है।
कुल लंबाई: 12.94 किलोमीटर
लागत: 844.94 करोड़ रुपए
प्रकार: फोर लेन

2017 के पहले की स्थिति

सिंगल लेन ऊबड़-खाबड़ सड़क, बेतरतीब चलते वाहनों के कारण भीड़-भाड़ व जाम की स्थिति रोजना की नियति थी।

2017 के बाद अब की स्थिति
डबल इंजन की सरकार में तेजी से विकास हुआ। नयाघाट चौराहे का जीर्णोधार व सौंदर्यीकरण सुनिश्चित कर इसे सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को समर्पित करते हुए लता चौक के नाम पर सीएम योगी की उपस्थिति में 28 सितंबर 2022 को लोकार्पित किया गया। यहां विशाल वीणा स्थापित की गई, जो कला के साथ ही आधुनिक अयोध्या के वैभव का पहला प्रतिमान बनी। ये अयोध्या का प्रमुख सेल्फी प्वॉइंट भी है जहां खुद पीएम ने भी तस्वीरें खिंचवाई थीं। इस सड़क को सिंगल लेन के बजाए सुव्यवस्थित फोर लेन में कन्वर्ट किया गया।

जन्मभूमि पथ

प्रसार: सुग्रीव किला(बिड़ला धर्मशाला से होते हुए रामजन्म भूमि मंदिर तक)
कुल लम्बाई: 0.580 किलोमीटर
लागत: 41.02 करोड़ रुपए
प्रकार: दो लेन

2017 के पहले की स्थिति

यह मार्ग अतिक्रमण के कारण बेहद संकरी गली के रूप में परिवर्तित हो गया था। यहां दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण तीर्थयात्रियों को धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ना पड़ता था।

2017 के बाद अब की स्थिति

इस मार्ग को डबल लेन बनाने के लिए व्यापक अतिक्रमण हटाने व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को अमल में लाया गया है। अब यहां सीसीटीवी के जरिए स्मार्ट सर्विलांस की व्यवस्था भी शुरू हो गई है। ये हाई स्पीड इंटरनेट एक्सेस जोन भी है और यहां 5जी के साथ ही वाई-फाई की सुविधा भी उपब्ध कराने की तैयारी की जा रही है।

भक्ति पथ

प्रसार: श्रृंगार हाट से हनुमान गढ़ी तक
कुल लम्बाई: 0.742 किलोमीटर
लागत: 68.04 करोड़ रुपए
प्रकार: फोर लेन

2017 पहले की स्थिति

यह सिंगल लेन सड़क थी जो अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक के साथ ही अपर्याप्त साफ-सफाई के अभाव में गंदगी का पर्याय बन गई थी।

2017 से बाद की अब स्थिति
इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाकर व्यापक चौड़ीकरण प्रक्रिया के जरिए फोर लेन रोड में परिवर्तित किया गया है। यहां टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए तमाम प्रकार के अवस्थापना सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है।

धर्मपथ

प्रसार: लता मंगेशकर चौक से लखनऊ गोरखपुर हाइवे तक
कुल लम्बाई: 2 किलोमीटर
लागत: 65.40 करोड़ रुपए
प्रकार: फोर लेन

2017 के पहले की स्थिति

यह सिंगल लेन सड़क थी जहां बेतरतीब ट्रैफिक के कारण दिन के समय अक्सर जाम लगता था। यहां डीजल युक्त कमर्शियल वाहन ही चलते थे जिससे पर्यावरण में प्रदूषण भी होता था।

2017 के बाद अब की स्थिति

इस मार्ग को चौड़ीकरण प्रक्रिया के जरिए फोर लेन में कन्वर्ट किया गया है। यहां भव्य द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है। यहां अब ज्यादातर पब्लिक कम्यूटिंग व कमर्शियल व्हीकल्स सीएनजी बेस्ड हैं तथा यहां ईवी परिवहन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसे सौंदर्यीकरण के जरिए व्यापक रूप से विकसित कर भव्य रूप प्रदान किया जा रहा है।

21 जनवरी को निकाली जाएगी सनातन गौरव यात्रा

कानपुर। कानपुर में अखिल भारतीय मठ मंदिर समन्वय समिति और हनुमत शक्ति जागृति मिशन की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 21 जनवरी को रेलवे ग्राउंड परेड साकेत नगर से पनकी हनुमान मंदिर तक भव्य सनातन गौरव यात्रा निकाली जाएगी। अप्रैल माह में सवा करोड़ हनुमान चालीसा का पाठ होगा। उधर, श्री रामनवमी महोत्सव सीमित, शिवाला ने 22 जनवरी को संकल्प राम रथ यात्रा निकालने पर अंतिम मुहर लगाई गई। वृंदावन लॉन में मठ मंदिर समन्वय समिति की बैठक में संस्थापक बालयोगी अरुण चैतन्य पुरी ने बताया की दोनों बड़े आयोजन अत्यंत भव्य रूप से होंगे। जन मानस से 21 जनवरी को निकलने वाली भव्य सनातन गौरव यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। 02 से 06 अप्रैल तक सवा करोड़ हनुमान चालीसा के महापाठ किए जाएंगे। अध्यक्षता संघ प्रांत प्रमुख भवानी भीख ने की। राहुल भंते, आचार्य संजय त्रिवेदी, किरन पांडेय, संजय त्रिवेदी, शेष नारायण त्रिवेदी, राजेश अवस्थी और राजेश शुक्ला मौजूद थे। संकल्प राम रथ यात्रा रामगोला श्री रामनवमी महोत्सव समिति शिवाला की बैठक बाल भवन में हुई। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन राम मंदिर आंदोलन की यादगार में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को संकल्प राम रथ यात्रा रामगोला राम चौक मेस्टन रोड से निकाली जाएगी।

यात्रा का मार्ग सजेगा, आतिशबाजी होगी

रथयात्रा मार्ग पर राम रथ से प्रसाद वितरण होगा। रथयात्रा मार्ग को भव्यता से सजाया जाएगा। राम रथ यात्रा रामचौक, मेस्टन रोड से बड़ा चौराहा, शिवाला, संगम लाल मंदिर, कमला टावर, काहूकोठी, नयागंज चौराहा, मारवाड़ी कॉलेज, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मन्दिर, नयागंज किराना बाजार, बिराहाना रोड, फूलबाग में पंडित दीनदयाल प्रतिमा में विश्राम होगा। यहां रंगारंग आतिशबाजी होगी। बैठक में अध्यक्ष विजय गुप्ता, महामंत्री गोपी ओमर, संयोजक विनोद गुप्ता, भूपेन्द्र गर्ग, ज्ञानेन्द्र कुमार विश्नोई, विकास जायसवाल, पुष्कर विश्नोई, बैजनाथ गुप्ता, पंकज गुप्ता, रमेश गुप्ता, आकाश ओमर आदि रहे। श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर जनरलगंज के पदाधिकारी संदीप जैन ने बताया कि 22 जनवरी को जैन धर्म के सभी 16 मंदिरों में दीपोत्सव होगा।

महंत अवेद्यनाथ ने श्रीरामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए आजीवन किया संग्राम, लिया था संकल्प

गोरखपुर। श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति संग्राम को इस मुकाम तक पहुंचाने में गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वरों की बहुत बड़ी भूमिका है। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ के दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ ने स्वतंत्र भारत में राममंदिर आंदोलन का आरम्भ किया तो गुरु महंत अवेद्यनाथ आजीवन इसके लिए संघर्ष करते रहे। यहां तक कि राममंदिर के लिए 1989 में तत्कालीन गृहमंत्री बूटा सिंह की चुनौती को स्वीकार करते हुए राजनीति से संन्यास की अपनी प्रतिज्ञा भी तोड़ दी थी। धर्मसंसद के आग्रह पर 1989 में हिन्दू महासभा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे और संसद में पहुंचकर राममंदिर की आवाज बुलंद की। मंदिर निर्माण की अधूरी इच्छा लिए महंत दिग्विजयनाथ ने 28 सितम्बर 1969 को समाधि ले ली। उनके बाद महंत अवेद्यनाथ गोरक्षपीठाधीश्वर बने। पीठ की कमान संभालते ही महंत अवेद्यनाथ ने जन्मभूमि की मुक्ति के लिए अपने गुरु की जलाई मशाल थाम ली।

अध्यात्म की अयोध्या ने आर्थिक क्षेत्र में लिखा सफलता का नया अध्याय

अयोध्या के सर्वांगीण विकास का काल बना वर्तमान समय

योगी सरकार के नेतृत्व में तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रही रामनगरी

अयोध्या। अध्यात्म से समृद्ध राम नगरी अब आर्थिक क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रही है। योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके साथ ही आर्थिक रूप से अयोध्या भी विकास की नई सीढ़ी चढ़ी। 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ का निर्यात हुआ, जो 2022-23 में बढ़कर 254 करोड़ हो गया। कुल मिलाकर 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आयुक्त गौरव दयाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह काल अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या की आर्थिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रगति हो रही है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के आधार पर अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष 2021-22 में 110करोड़ का निर्यात हुआ जो कि 2022-23 में बढ़कर 254 करोड़ हो गया है । कुल मिलाकर 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रदेश के 18 शिक्षक शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित

भाटापारा/बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों को संस्कारित करने शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में नवाचारी रचनात्मक प्रयोग हेतु जिले के 18 शिक्षकों को शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षादूत के लिए 15 एवं ज्ञानदीप के 3 शिक्षक शामिल हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष

नंदकुमार साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों को बच्चों को ज्ञानरूपी संस्कार देकर गढ़ने का काम पूरी ईमानदारी और मेहनत से करना चाहिए। यही बच्चे आने वाले दिनों में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे अनेक उदाहरण है जब शिक्षकों ने समाज और देश को नई दिशा दी है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और लगन को प्रोत्साहित करने के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि उनकी पहल पर यह पुरस्कार शुरू किया गया था। शिक्षादूत से सम्मानित शिक्षकों को 5 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि सहित प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं साल भेंट की गई है।

ये शिक्षक हुए सम्मानित

सम्मानित शिक्षकों में प्रधानपाठक भुनेश्वर प्रसाद चन्द्रा, प्रणिता वर्मा और परमानंद साहू तथा सहायक शिक्षकों में शालिनी कश्यप, सीमा जायसवाल, विजय सिंह पैकरा, तेजनाथ साहू, सुनीता जायसवाल, घनश्याम प्रसाद वर्मा, संध्या पैकरा, तानसेन कुर्रे, क्षिप्रा अग्रवाल, मेघा वर्मा, पीयूष रामपुरीक, संजू राम निर्मलकर शामिल हैं। इसी तरह ज्ञानदीप से सम्मानित हुए शिक्षकों में शिक्षक कुसुम बागड़े, हेम कुमार देवांगन और रमाशंकर साहू शामिल हैं।

कलिंगा विवि में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर, सीजी में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा आयोजित बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, आइडियाथॉन 3.0, सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रमुख कार्यक्रम 2021 से एक वार्षिक परंपरा रही है और यह इस वर्ष 5 और 6 जनवरी 2024 को हाइब्रिड मोड में हुआ। इस प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के अनेक प्रमुख उद्यमी शामिल थे जिनमें नम्रता यदु (निदेशक, छत्तीसगढ़ मशरूम), अमनदीप सिंह भाटिया (गिफ्ट क्या दे के संस्थापक), नम्रता तातिया (एक्यूलीगल के संस्थापक), अभिजीत शर्मा (बिजनेस

मैनेजर, आईजीकेवी आरकेवीवाई), अतुल प्रधान (एसएएआर एग्रीवेट कंसल्टेंसी के संस्थापक), सोमेश शर्मा (ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड के सह-संस्थापक), बी शिरिषा (क्वालिटी हेड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड)), और रजत जैन (ऑटोमेशन लीड, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ आईटी सर्विसेज लिमिटेड) शामिल थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के के आंतरिक न्यायाधीशों में कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन शामिल थे। 5 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सम्मानित अतिथि सुश्री नम्रता यदु और श्री अमनदीप सिंह ने प्रतिभागियों के साथ अपने दृष्टिकोण साझा किए। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति और महानिदेशक ने भी उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए। टीमों ने अगले दो दिनों में अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई: स्कूल और कॉलेज, रुपये के नकद पुरस्कार के साथ। विजेता और उपविजेता के लिए 25,000 रुपये और 15,000 रुपये के नकद पुरस्कार, प्रत्येक श्रेणी में दूसरे और तीसरे उपविजेता के लिए 10,000 रुपये और 5,000 रुपये के नकद पुरस्कार थे। भारत भर के प्रतिष्ठित संस्थानों और स्कूलों की 55 टीमों ने अपने नवीन व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।

हसदेव में पेड़ों के कत्लेआम पर जवाब दें भूपेश, सिंहदेव : सौरभ सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व रायपुर सम्भाग प्रभारी पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि हसदेव बागो में पेड़ों के कत्लेआम और जंगलों को सफाचट मैदान में बदल देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व तत्कालीन उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब दें कि आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और इन दोनों छत्तीसगढ़िया कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए अनुमति दे दी गई और दिन रात अंधाधुंध कटाई करके जंगल को मैदान में बदल दिया गया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब सिंहदेव उपमुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब कहा करते थे कि हसदेव बागो के जंगल को बचाने के लिए लाठी गोली खाने तैयार हैं। यदि गोली चली तो पहले गोली अपने सीने पर झेलेंगे और तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा करते थे कि पेड़ तो क्या एक डगाल तक नहीं कटेगी। लेकिन फिर अचानक क्या हुआ राहुल गांधी सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सिंहदेव के बीच कौन सी संधि हो गई कि भूपेश बघेल ने जंगल कटाई की इजाजत दे दी और सिंहदेव ने अपने मुंह पर ताला लगा दिया।

छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ यह धोखेबाजी क्यों की। कांग्रेस दोमुंही राजनीतिक आचरण करने की आदी है। सत्ता में रहते हुए खुद जंगल कटवाती है और विपक्ष में होने पर हल्ला मचाती है। हसदेव बागो के जंगल काटने की अनुमति भाजपा नहीं बल्कि कांग्रेस सरकार ने दी है। हम तो भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता पर अकारण थोपा गया एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज पटा ही रहे हैं। भूपेश बघेल सरकार द्वारा दी गई जंगल कटाई की अनुमति की भी समीक्षा करके जनहित में निर्णय लेंगे।

हसदेव अरण्य में आदिवासियों के दमन के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने खोला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में वाहनों को रोके जाने तथा लोगों को हिरासत में लिए जाने के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन की पहलकदमी पर कल हसदेव में हजारों लोगों ने नागरिक प्रतिरोध मार्च में हिस्सा लिया और हसदेव अरण्य की और आदिवासियों के दमन के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा ने आरोप लगाया है कि प्रतिरोध मार्च को विफल करने के लिए सरकार द्वारा दुर्ग, बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा और सूरजपुर से आने वाले 200 से ज्यादा वाहनों को रोका गया है और 2000 से ज्यादा नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। इस जनविरोधी और तानाशाही रूख की इन दोनों संगठनों ने निंदा की है। नागरिक प्रतिरोध मार्च को रोकने के लिए रायपुर-अंबिकापुर सड़क मार्ग के सभी टोल नाकों और थानों पर वाहनों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। रायपुर में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख लोगों को सुबह ही गिरफ्तार कर लिया गया था। फिर भी इस धर-पकड़ और चेकिंग को दगा देते हुए हसदेव के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हजारों नागरिक हसदेव पहुंच गए। यहां भी उन्हें रोकने के लिए भारी बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस अधिकारियों से काफी बहस के बाद आक्रोशित नागरिकों ने बैरिकेडिंग तोड़कर अपना मार्च शुरू किया। प्रशासन ने हसदेव क्षेत्र के नागरिकों को भी अपने गांवों से निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। मार्च में शामिल नागरिकों द्वारा हाईवे जाम किए जाने की चेतावनी दिए जाने के बाद इस प्रतिबंध को खत्म किया गया और गांवों के लोग सभास्थल पर पहुंचे।प्रशासन के इस रुख के खिलाफ रोके गए नागरिकों और आंदोलनकारियों ने दुर्ग और अंबिकापुर में भी प्रदर्शन किया और हसदेव के विनाश के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। पूरे प्रदेश से जुटे नागरिकों और दलितों, आदिवासियों और किसानों के बीच काम करने वाले संगठनों के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इनमें छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला, छत्तीसगढ़ किसान सभा के संजय पराते, भारतीय किसान यूनियन के प्रवीण श्योकंद, पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, आदिवासी महासभा के सौरा यादव तथा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आदि शामिल थे। आलोक शुक्ला ने पिछले दस सालों से हसदेव अरण्य को बचाने के लिए किए जा रहे संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पिछली सरकार द्वारा ग्राम सभा के नाम पर फर्जी प्रस्ताव पारित किए गए और इस आधार पर अडानी को कोयला खदानों का आबंटन किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भी इस फर्जीवाड़े के खिलाफकोई कदम नहीं उठाया। लेकिन इस कॉर्पोरेट लूट और आदिवासियों के विस्थापन के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा तथा भाजपा सरकार को हसदेव को खनन मुक्त क्षेत्र बनाने के विधानसभा के सर्वसम्मत प्रस्ताव को लागू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। संजय पराते ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और खनिज का मामला राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है द्य इसके खिलाफ लड़ने वाले नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

पीसीसी चीफ बैज हसदेव वन कटाई के विरोध आंदोलन में हुए शामिल

- **वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू, 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है, तीन लाख पेड़ और कटेंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज हसदेव वन कटाई के विरोध में हो रहे आंदोलन में शामिल होने पहुंचे। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए। हसदेव अरण्य पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा- जल जंगल जमीन पर मूल निवासियों का जंगल मे रहने वालों का पहला हक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जंगल की कटाई का विरोध करती है, यह भाजपा की अडानी परस्त नीति का परिणाम है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है। तीन लाख पेड़ कटेंगे। जब विधानसभा के चुनाव हो रहे थे तब राहुल गांधी जी ने कहा था ईवीएम पर बटन कमल का दबेगा तो वीवीपैट से अडानी निकलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह कथन सत्य साबित होने लगा है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौंपना शुरू कर दिया गया है। हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिये थे जबकि हकीकत यह है कि यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तथा कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था।

शतरंज प्रतियोगिता में शिवांश को मिला 11वां स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र अभिनव वर्मा ने तमिलनाडु के श्री नारायणी महल श्रीपुरमवेल्लोर में राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में ग्याहरवा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने विद्यार्थी को बधाई दी।

युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रावाभाठा स्थित अजंता प्लाईवुड के पास उधार पैसे की लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी विशालदास मानिकपुरी 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मनोज साहू ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

क्लीनिक के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। बोरियाखुर्द चौक स्थित कमल क्लीनिक के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी रजत पटेल 28 वर्ष सिवनी मुजगहन का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचजेड 8125 को बोरियाखुर्द क्लीनिक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 79 पाव देशी एवं विदेशी शराब व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पीछे अवैध शराब बेचते आरोपी तरूण चौहान 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने बीनू पेट्रोल पम्प के पास अवैध शराब के साथ आरोपी प्रकाश वर्मा 34 वर्ष एवं मनीष वर्मा 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 40 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी कृष्णा बंजारे 22 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है।

बाइक से गांजा तस्करी करते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग पुलिस ने महासमुंद तिराहा के पास बाइक से गांजा ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद तिराहा के पास एक बाइक सवार गांजा रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ललित यादव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक व दो किलो गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आज से अखिल भारतीय ब्रिज खेल टूर्नामेंट

रायपुर/नवप्रदेश। 45वें अखिल भारतीय ब्रिज टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने 9 से 11 जनवरी तक रायपुर में किया है। तीन दिवसीय इस ब्रिज खेल स्पर्धा में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के अधीन आने वाले कई राज्य के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसका उद्घाटन 9 जनवरी को सुबह 10 बजे एम्स के सामने होटल गगन पैलेस में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के एसके

कटियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान ने बताया कि अभी तक छह राज्यों के लगभग 30 खिलाड़ियों के इसमें शामिल होने की सहमति प्राप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा पहले भी राष्ट्रीय स्तर खेल स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया है। सभी खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था कर ली गई है। स्पर्धा का समापन 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे होगा।

अब अपराध के लिए छत्तीसगढ़ में कहीं कोई जगह नहीं बचेगी अपराधिक मानसिकता को कुचल दिया जाएगा : भाजपा

- **प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा : नक्सलवाद की आड़ में की गई असीम राय की हत्या का पर्दाफाश होगा और दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि जो प्रश्रय अपराधियों को कांग्रेस के संरक्षण में मिला, जिन अधिकारियों ने आपराधिक प्रवृत्ति को लोगों को प्रश्रय दिया, अपराधों का वह जंगलराज धीरे-धीरे समूल नष्ट होगा। श्री गुप्ता ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे मेहनत से अपना रोजगार करें, आत्म सम्मान के साथ जीएँ। अब अपराध के लिए छत्तीसगढ़ में कहीं कोई जगह नहीं बचेगी और प्रदेश कुछ दिनों में

देखेगा कि अपराधियक मानसिकता को कुचल दिया जाएगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी यह कतई न भूलें कि भारतीय जनता पार्टी रीति-नीति, विचार, सिद्धांत और राष्ट्रवाद पर काम करती है। भारतीय जनता पार्टी का बड़ा विषय राष्ट्रवाद का सिद्धांत और विचार है। उसके अनुरूप काम कर रही है। काँकेर जिला भाजपा उपाध्यक्ष असीम राय की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि जो अभी नक्सलवाद की आड़ में बस्तर के क्षेत्र में टारगेट किलिंग हो रही है, उस हत्या में राजनीतिक हत्या का संदेह होता है और नक्सलवाद की आड़ में जो कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंक रहे हैं, उनका पर्दाफाश होगा। नक्सलवाद की आड़ में की गई इस हत्या, जिसमें राजनीतिक हत्या का संदेह प्रबल नजर आ रहा है, का पर्दाफाश होगा और दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा।

जिंदल की फल-फूल सब्जी प्रदर्शनी 13 से

रायपुर/नवप्रदेश। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग छग शासन, प्रकृति की ओर से सोसाइटी , इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 13,14,15 जनवरी को फल फूल सब्जी प्रतियोगिता एवं आयोजन गाँधी उद्यान रायपुर में किया जा रहा हैं. इस आयोजन में तोरण सजाओ, पेंटिंग, सलाद सजाओ आदि प्रतियोगिताओ को शामिल किया जायेगा विभिन्न श्रेणी में रखी गयी इस प्रतियोगिता में बागवानी में शामिल कॉलेज स्कुल के गार्डन्स एवं छोटे बड़े घरो के गार्डन्स एवं टेरिसगार्डन्स में की गयी बागवानी के साथ साथ इस प्रतियोगिता में विजेताओं को अलग अलग श्रेणी में स्टारग्रीन अवार्ड से नवाजा जायेगा . इस आयोजन में राजिम के सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू अपनी रेत्कलाकृति से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। इस आयोजन में जिंदल स्टील द्वारा तैयार किए गए 8000 से अधिक फूलो के गमले आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

11 को आएंगे प्रदेश प्रभारी पायलट प्रदेश कार्यकारिणी की लेंगे बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं नव-नियुक्त छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन 11 जनवरी दोपहर 1.30 बजे माना विमानतल रायपुर हो रहा है। कांग्रेस महासचिव एवं नव-नियुक्त छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसमें कांग्रेस के कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कार्यकारी सदस्य, संयुक्त महामंत्री एवं सचिव और समस्त एआईसीसी सदस्यगण, समस्त विधायक, प्रत्याशीगण, जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्षों की मौजूदगी रहेगी। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी और लोकसभा चुनाव 2024 पर चर्चा की जायेगी।

महिला एचओडी ने डॉक्टर को मारा धक्का, दी गालियां

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल में डॉक्टर से दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। इमरजेंसी डिपार्टमेंट में ड्यूटी कर रहे डॉ विनय वर्मा ने अपने ही अस्पताल की महिला डॉक्टर देवप्रिया लाकरा के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत की है। इस विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है । जिसमें मेडिसिन डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ देव प्रिया लाकरा डॉ विनय वर्मा को धक्का देते दिखाई दे रही है। आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि डॉ. देव प्रिया लाकरा सुबह 11 बजे आपात चिकित्सा में आकर सभी छोटे वर्ग के कर्मचारी और आज मेरे साथ गाली गलोच करने लगी। आपात चिकित्सा में आकर सभी कर्मचारियों के सामने मुझे जोरो से धक्का देकर कंधे पे मारा और देख लेने की धमकी देकर मुझे नौकरी से निकलवाने की धमकी दी।

महाराष्ट्र मंडल के स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर में पहुंचे हृदय रोग विशेषज्ञ

रायपुर/नवप्रदेश। आपको सीढ़ी चढ़ने में थकान होती है, सांस फूलने लगती है, अपने काम के दौरान थकान महसूस होती है, सीने में भारीपन महसूस होता है, तो आप इसे सामान्य गैस की समस्या मानकर खुद से दवा न लें। यह परेशानी ह्दय रोग से जुड़ी हो सकती है। सही समय पर सही डाक्टर का चयन कर तुरंत अस्पताल पहुंचे और इलाज कराएं। वरिष्ठ ह्दय रोग विशेषज्ञ और एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के डा. सतीश चंद्रवंशी ने महाराष्ट्र मंडल में स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर में यह बातें कहीं। डा. चंद्रवंशी ने कहा कि आज से 15 साल पहले 40 साल से अधिक उम्र के लोगों में ह्दय रोग संबंधी समस्या आती थी। लेकिन अब यह समस्या 18-20 वर्ष से शुरू हो जाती है। आमतौर पर दिल

का दौरा तब होता है, जब रक्त का कोई थक्का ह्दय की ओर रक्त के बहाव को रोक देता है। छाती, गर्दन, पीठ या बांहों में खिंचाव या दर्द के साथ थकान, चक्कर, ज्यादा स्ट्रेस के कारण हार्टअटैक आ सकता है। डा. चंद्रवंशी के मुताबिक आमतौर पर हमारा खानपान स्वास्थ्य संबंधी विकार के लिए जिम्मेदार है। पहले हमारे पूर्वज और बड़े बुजुर्गों का खानपान संयमित रहता था। रात के समय लाइट भोजन किया करते थे। हमें अपने डायट में फाइबरयुक्त भोजन करना चाहिए। इससे आपको बार-बार भूख नहीं लगती है, तो आप बार-बार खाना नहीं खाते हैं। इससे आपका मोटापा तो कंट्रोल होता ही है। साथ ही इससे आपको डायबिटीज और बीपी की समस्या होने की आशंका भी कम होती है। लंबे समय तक भूख न लगने से आपके शरीर में कैलोरी भी सही तरह से बर्न होती है।

संपादकीय

मालदीव सरकार आ गई घुटनों पर

भारत आज की तारीख में कितनी बड़ी ताकत बन चुका है। इसका अब मालदीव को अहसास हो गया है। जहां के राष्ट्रपति चीन के समर्थक बताए जाते हैं। अरब सागर में सामरिक दृष्टि से मालदीव बेहद महत्वपूर्ण देश है। मालदीव के साथ भारत के संबंध बेहतर रहे हैं। मालदीव की मुसीबत में भारत ने उसकी हर संभव मदद की थी। कोरोना काल में भी भारत ही मालदीव का सबसे बड़ा मददगार बना था। किन्तु मालदीव में चुनाव के बाद सत्ता बदली और वहां के राष्ट्रपति ने चीन के साथ प्रगाढ़ संबंध बनाने शुरू कर दिए। इससे भारत की सेहत पर तो कोई असर नहीं पड़ा लेकिन जब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया और सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की फोटो शेयर कर पर्यटन के लिए लक्षद्वीप को एक बेहतर स्थान बताकर एक तरह से उसकी मार्केटिंग कर दी तो मालदीव सरकार सकते में आ गई। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव का नाम भी नहीं लिया था और न ही उन्होंने मालदीव से लक्षद्वीप की तुलना की थी। इसके बावजूद मालदीव की भारत विरोधी सरकार के नुमाइंदे कूद कर इस नतीजे पर पहुंच गए कि भारत सरकार मालदीव के पर्यटन उद्योग को चौपट करना चाह रही है। मालदीव के तीन मंत्री मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने सोशल मीडिया पर भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उडाते हुए आपत्तिजनक पोस्ट कर दी। इसपर भारत ने तो अधिकृत रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन भारतीयों को मालदीव सरकार में शामिल तीन मंत्रियों की आपत्तिजनक पोस्ट में इतना आहत किया कि लोगों ने मालदीव की यात्रा ही स्थगित कर दी। देखते ही देखते दो दिनों के भीतर ही हजारों लोगों ने मालदीव की फ्लाइट कैंसल कर और वहां बुक किए गए होटल की बुकिंग भी रद्द् कर दी। इससे मालदीव सरकार न सिर्फ घबरा गई बल्कि घुटनों पर आ गई वहां के राष्ट्रपति ने भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को मंत्रिमंडल से निकाल दिया। मालदीव सरकार ने बकायदा बयान जारी कर यह सफाई दी। भारत और भारतीय पीएम के बारे में उन मंत्रियों ने जो टिप्पणी की थी वे उनके निजी विचार हैं।सरकार उनकी बातों से सहमत नहीं है। इसके बावजूद भारत में सोशल मीडिया पर बायकाट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। मालदीव जाने वाले भारतीय लगातार अपनी यात्रा रद्द कर रहे हैं। मालदीव की जगह अब लोग लक्षद्वीप जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं। भारत के प्रसिद्ध क्रिकेटरों और फिल्म स्टारों ने भी मालदीव की जगह लक्षद्वीप जाने के लिए लोगों को प्रेरित करना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि मालदीव सरकार के होश उड़ गए हैं। गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग पर ही टिकी हुई है। वहां वैसे तो दुनिया भर से पर्यटक आते हैं लेकिन सबसे ज्यादा 18 प्रतिशत पर्यटक भारत से जाते हैं। यदि भारतीयों ने मालदीव का बायकाट कर दिया तो मालदीव का पर्यटन उद्योग तहस नहस हो जाएगा। भारत की देखा देखी अन्य मित्र राष्ट्र भी यदि मालदीव से किनारा करने लगे तो मालदीव की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो जाएगी। यही वजह है कि मालदीव सरकार अब भारत से तीन मंत्रियों से हुई गुस्ताखी के लिए माफी मांग रही है और भारत के साथ बेहतर संबंधों की दुहाई दे रही है। लेकिन अब तीर कमान से निकल चुका है बात इतनी बिगड़ चुकी है कि वह फिर से बनना मुश्किल है। चीन के बहकावे में आकर मालदीव की नई सरकार ने भारत विरोधी रूख अख्तियार कर पैरों पर कुल्हाड़ी नहीं मारी है बल्कि कुल्हाड़ी पर ही अपना पैर दे मारा है। अब उसे इसका खामियाजा तो भुगतना ही पड़ेगा रही बात भारतीय पर्यटकों की तो अब उनके लिए मालदीव की जगह लक्षद्वीप बेहतर विकल्प बन चुका है। जहां की यात्रा मालदीव के मुकाबले कम खर्चीली है।

स्त्रियों के आर्थिक विकास से जुड़ा राष्ट्र का विकास तंत्र

संजीव ठाकुर

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है भारत में महिलाओं की मुक्ति का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं।

भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60त्न महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है।

पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50त्न भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

अयोध्या धाम में भव्य तैयारी - देखते रह जाएगी दुनिया

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर को जानने की करें तो, राम जन्मभूमि क्षेत्र में 2.7 एकड़ में राम मंदिर बन रहा है। ये तीन मंजिला होगा और इसकी ऊंचाई 162 फीट होगी। मंदिर निर्माण के लिए राजस्थान से नक्काशीदार पत्थर लाए गए हैं। मंदिर के चारों ओर आठ एकड़ की परिधि में 48 फीट ऊंची प्राचीर भी बनाई जा रही है। मंदिर परिसर में राम मंदिर के अलावा छह और मंदिर बनाए जा रहे हैं। सिंह द्वार से राम मंदिर में प्रवेश करने से पहले पूर्वी दिशा में एक मुख्य द्वार होगा, जहां से श्रद्धालु परिसर में आएंगे। मुख्य द्वार के बगल में ही निकास द्वार भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा एक सुरंग भी बन रही है, जहां से भी भक्त आ और जा सकेंगे। प्राण प्रतिष्ठा से पहले परिसर का मुख्य द्वार बन जाएगा।मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार सिंह द्वार होगा। राम मंदिर में कुल 392 पिलर होंगे। गर्भगृह में 160 और ऊपरी तल में 132 खंभे होंगे। मंदिर में 12 द्वार होंगे। इन्हें सागौन की लकड़ी से बनाया जा रहा है। सिंह द्वार के जरिए जैसे ही मंदिर में प्रवेश करेंगे, सामने आपको नृत्य मंडप, रंग मंडप और गूढ़ मंडप भी दिखेगा।

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नज़रें 22 जनवरी 2024 को होने वाले अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भव्यता पर लगी हुई है। अयोध्या के भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख जैसे जैसे पास आ रही है वैसे ही देश से लेकर विदेशों तक से भगवान राम के भक्तजन उनके लिए कुछ न कुछ करते दिखाई दे रहे हैं।बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला विराजमान होने वाले हैं, ऐसे में रामजी की ससुराल से कोई उपहार ना आए ऐसा कैसे हो सकता है ?आज पूरी दुनियां उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में अयोध्यावासियों में अति उत्साह स्वाभिक है। पीएम ने भी कहा था,भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन का मैं भी पुजारी हूं और मैं भी आपकी तरह ही उत्साहित हूं। अयोध्या का कायाकल्प ले रहा रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे का मूर्त रूप लेना, सड़कों का चौड़ीकरण राम लला मार्ग पर एक सी सज्जा वाले सड़के के दोनों तरफ दिखने वाले भवन, सज रहे घाट और विशाल परिसर में तैयार हो रहा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र। इसे देखने के लिए अभी से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी उत्साह है।यह उत्साह अब हुनमान गढ़ी में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या से लेकर राम लला विराजमान परिसर तक देखने में आ रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तरपर तैयारी चल रही है। प्रस्तावित राम मंदिर निर्माण क्षेत्र में गुंबद आदि के निर्माण कार्य से लेकर चबूतरा और अन्य परिसर को तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि माना जा रहा है कि मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अभी इसे जनता के दर्शन के लिए नहीं खोला जाएगा। क्योंकि अभी निर्माण के काफी काम बाकी है। हां, व्यवस्था के तौर पर पुजारी हर रोज भगवान की सेवा, देख भाल, भोग-राग करते रहेंगे।

साथिया बात अगर हम भारत सहित पूरी दुनियां का माहौल राममय होने की करें तो,अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं। इस खास मौके के इंतजार में देशभर का माहौल राममय होता जा रहा है। 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां की जा रही हैं। पीएम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने समारोह में 7,000 से अधिक लोगों को आमंत्रित किया है। चूंकि करीब 500 वर्षो के इंतजार के बाद सरयू से सुप्रीम कोर्ट तक चले संघर्ष का परिणाम सबके सामने है, जो सत्यमेव जयते का प्रतीक है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अयोध्या धाम,रघुपति राघव राजा राम, अयोध्या धाम में भव्य तैयारी, देखते रह जाएगी दुनियां सारी।

साथियों बात अगर हम अयोध्या में 6 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम के ससुराल पक्ष के घर नेपाल से सनेश याने भार, उपहार आने की करें तो, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम की ससुराल से खास उपहार अयोध्या आए हैं। उपहार में फल, मिष्ठान, सोना-चांदी, वस्त्र शामिल है. नेपाल के जनकपुर से लोग भार लेकर अयोध्या आए हैं। वधू पक्ष की ओर भेजे जानेवाले उपहार को भार कहा जाता है। भार में गृह प्रवेश के समय इस्तेमाल की जानेवाली सामग्री होती है। माता जानकी के मंदिर से निकली भार यात्रा शनिवार सुबह कारसेवकपुरम पहुंची. लगभग 700 लोग टोली के साथ अयोध्या पहुंचकर उपहार को समर्पित किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने प्रेस में बताया कि नेपाल और भारत का संबंध त्रेता युग है।त्रेता युग के अवधि की जानकारी विद्वानों को है, मैं इतना जानता हूं कि राम जिस काल में पैदा हुए, जानकी का जिस काल में जन्म हुआ, राजा दशरथ और राजा जनक का काल त्रेता युग है। जनकपुर से चारों भाई विवाह बाद आए संतों से पूछकर जानकारी हासिल की जा सकती है। विवाह में लड़की वाले लड़के वाले को भेंट देते हैं। मिथिला में उसी को भार कहा जाता है। भार का मतलब एक लाठी या एक डंडा होता है। शनिवार की सुबह 4 बजे कन्या पक्ष वाले वर पक्ष के लिए भार लेकर आये। मेरी लाचारी है कि मुझे स्वीकार करना पड़ा, वैसे स्वीकार तो साधु संतों को करना चाहिए था, भगवान के प्रसाद रूप में सब उपयोग हो जाएगा। भगवान राम की ससुसराल यानी जनकपुर से सनेश या फिर कहे कि भार भेजा गया है। ये उपहार वधूपक्ष की ओर से भेजें गए हैं. जिसमें सभी जरूरी वस्तुओं को शामिल किया गया है। सनेश में खाने का सभी सामान और ड्राई फ्रूट शामिल है. इसके साथ भगवान के भार में चांदी के बरतन,सोने के आभूषण और तरह-तरह के गहने जेवर भेजे गए हैं।साथ ही भगवान के द्वारा अपने स्वयंवर में तोड़े गए धनुष का सांकेतिक स्वरूप भी चांदी के आकार का भेंट किया गया है। सोने की खड़ाऊं ,मिथिला का पान और मछली, हर कुछ रामलला के सनेश में लाया गया है। बता दें कि जनकपुर धाम नेपाल से जो लोग सनेश लेकर आए हैं उनका स्वागत अयोध्यावासियों ने जमकर किया।लोगों की आरती उतारी गई साथ ही फूल मालाओं के साथ खूब जोरदार स्वागत किया गया।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के अनुष्ठान में शामिल होने की करें तो, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीएम 22 जनवरी को व्रत रखेंगे। बताया जा रहा है कि यह व्रत राम मंदिर से जुड़े अनुष्ठान में शामिल होने के लिए रखा जाएगा। 22 जनवरी को मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के साथ की जाएगी। पीएम उस दिन सुबह 11 बजे से दोपहर के बीच वहां प्रारंभिक पूजा करेंगे। यह पहली बार नहीं है कि पीएम व्रत रखेंगे। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को जब राम मंदिर का भूमि पूजन समारोह हुआ था तो उस समय भी पीएम ने व्रत रखा था। 500 साल से भी अधिक समय के बाद भगवान राम मंदिर में विराजमान होंगे। ऐसे में इस ऐतिहासिक घटना का गवाह बनने के लिए पीएम मोदी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद होंगे। आम लोगों के लिए यह मंदिर 26 जनवरी से खुलेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1768 में 9 जनवरी के दिन ही फिलिप एस्टले ने पहले 'मॉर्डन सर्कस' का प्रदर्शन किया था। 1792 में आज ही के दिन तुर्की और रूस ने शांति समझौते पर साइन किए थे। 1811 में 9 जनवरी के दिन ही विश्व में पहली बार महिलाओं का पहला गोल्फटूर्नामेंट आयोजित किया गया था। 1816 में आज ही के दिन सर हम्फ्री डैवी ने खदानकर्मियों के लिए पहले 'डैवी लैम्प' का परीक्षण किया था। 1915 में 9 जनवरी के दिन ही महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद मुंबई पहुंचे थे। 1922 भारतीय जैव रसायनशास्त्री एवं चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हरगोविंद खुराना का जन्म हुआ। 1923 में आज ही के दिन जुआन डि ला सिएर्वा ने पहली 'ऑटोगायरो फ्लाइट' का निर्माण किया था। 1970 में 9 जनवरी के दिन ही सिंगापुर में संविधान को अपनाया गया था। 1922 भारतीय जैव रसायनशास्त्री एवं चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हरगोविंद खुराना का जन्म हुआ।1982 में आज ही के दिन पहला भारतीय वैज्ञानिक दल अंटार्कटिका पहुंचा था।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:45, चन्द्रोदय : 29:05, चन्द्रास्त : 14:21 **अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु** : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : वृद्धि, प्रथम करण : कौलव (12:28 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:58 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:44, अमृत काल : 11:41 से 13:17, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:14 से 22:03, विजय मुहूर्त : 14:07 से 14:48, गोधूलि मुहूर्त : 17:30 से 17:58, सायाह्न सन्ध्या : 17:33 से 18:55, निशिता मुहूर्त : 23:56 से 24:51, राहुकाल : 07:30 से 09:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:06 से 12:23, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : पूर्व (22:03 से), अग्निवास : पाताल (23:58 से पृथ्वी)।

QUIZ TIME

1) भारत और किस देश ने कुडनकुलम परमाणु संयंत्र की भविष्य की बिजली इकाईयों के निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

2) पहली इंट्रा डिस्ट्रिक्स हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?

3) भारत के किस प्रदेश में ऊसर मृदाओं का क्षेत्रफल सर्वाधिक है?

4) भारत में शास्त्रीय नृत्य कितने प्रकार के पाए जाते हैं?

5) ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकॉनॉमिक फ्यूचर नामक पुस्तक हाल ही में किसके द्वारा लिखी गयी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रूस (2) योगी आदित्यनाथ (3) उत्तरप्रदेश (4) 8 (5) रघुराम राजन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी सेहत की अनदेखी करना भारी पड़ सकता है। पेट सम्बंधित समस्या बड़ा रूप ना ले इसका ध्यान रखे।

वृषः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के मूड में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

कर्कः आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी।

सिंहः आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

कन्याः आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

तुलाः आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी।

वृश्चिकः आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

धनुः आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे।

मकरः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे।

मीनः आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -298

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 297 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	द
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

न्यूज गैलरी

संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने पदभार संभाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। नई संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने आज संभागायुक्त कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। सरगुजा संभाग से स्थानांतरित होकर यहां आई है। वे 2008 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। संभागायुक्त कार्यालय में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर द्वय अखिलेश साहू और अर्चना मिश्रा सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। हाल ही प्रशासनिक फेरबदल में शिखा राजपूत तिवारी को बिलासपुर संभाग का कमिश्नर बनाया गया है। कमिश्नर ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनको सौंपे गए दायित्वों की जानकारी ली।

टिकरापारा में श्रीमद भागवत कथा में विधायक अमर भी हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर टिकरापारा स्थित गुजराती समाज भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को व्यास पीठ से शास्त्री चिंतनभाई पंड्या ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष वामन अवतार-श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्म पर अपने ओजस्वी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भागवत जीवन को अच्छा बनाती है। भागवत कथा के श्रवण से भक्ति और ज्ञान मार्ग से परमतत्व की प्राप्ति होती है। भागवत कथा के दौरान शास्त्री जी ने राम अवतार की कथा के संबंध में बारे में बताया कि त्रेतायुग में भगवान धरती पर श्रीराम के रूप में अवतरित हुए और संसार को रावण के त्रास में मुक्त किया . उन्होंने बताया कि मनुष्य को चाहिए कि वे भगवान राम के जीवन से आदर्शों की सीख लें और उनका अनुसरण करें। भागवत कथा के दौरान शास्त्री पंड्या जी ने कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया . उनकी वाणी से श्रोतागण झूम उठे। उन्होंने भगवान कृष्ण के स्वयं धरती पर अवतरित होने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शास्त्री जी ने प्रारंभ में वामन कथा के बाद रामजन्म का शब्द-चित्र खींचा . उन्होंने कान्हा के जन्म की कथा का भी श्रवण कराया . जन्म के इस पावन अवसर पर पूरे पंडाल को फूल-पत्तियों से सजाया गया था . पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया था . चहुंओर बधाइयों के स्वर गूंजने लगे . नंद के आनंद भयो, जै कन्हैया लाल की . मंच पर भगवान कृष्ण को झूले में सजाकर रखा गया था . भगवान के जन्म की झांकी भी निकाली गई. भगवान की आरती की गई . पुष्पों की वर्षा तथा माखन-मिश्री का भोग लगाया गया. वामन अवतार, श्रीराम अवतार और श्रीकृष्ण अवतार को जीवंत झांकी के रूप में दिखाया गया

आटा चक्की के पट्टे में फंसकर चार साल के बालक की मौत, संचालक पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र के मोपका में चार साल का बालक आटा चक्की के पट्टा में फंस गया। इससे घायल बालक को अपोलो में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। चक्की संचालक की लापरवाही पाए जाने पर संचालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। मोपका में रहने वाल शत्रुहन साहू किसान हैं। उनका चार वर्षीय बेटा शिवराज 25 दिसंबर को घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान वह मोहल्ले के आटा चक्की में चला गया। वहां पर बालक आटा चक्की के पट्टे में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को फंसते देख आटा चक्की के संचालक ने मशीन बंद करके उसे निकाला। हादसे की जानकारी स्वजन को देकर बालक को अपोलो में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर सरकंडा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया। जांच के बाद पुलिस ने आटा चक्की संचालक रमेश साहू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

शराब पीकर हंगामा, युवक को पुलिस ने पकड़ा

बिलासपुर। शराब पीकर सिम्स चौक के समीप सड़क पर हंगामा कर रहे युवक की सूचना राहगीरों ने 112 को दी। सूचना पर सिटी कोतवाली थाने से 112 का स्टाफ मौके पर पहुंचा। यहां एक युवक सड़क पर हंगामा कर रहा था। टीम ने उसे लोगों की सहायता से 112 की गाड़ी में बैठाया और सिटी कोतवाली थाने लेकर पहुंची। हंगामा कर रहे युवक ने अपना नाम चंदन अग्रवाल बताया। सिटी कोतवाली ने पुलिस शराबी युवक पर कार्रवाई करने की बात कही।

मोदी की हर गारंटी पूरी करेंगे-साय

मुख्यमंत्री संभागीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल

लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के पुलिस मैदान में आज भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह के कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जहां पर सीएम विष्णुदेव साय सहित भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सीएम श्री साय ने कहा की हम हर हाल में मोदी की गारंटी को पुरा करेंगे। हमने सिर्फ 25 दिनों में ही महतारी वंदन, धान खरीदी और अन्य योजनाओं पर अमल करना शुरू कर दिए है।

भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह आज पुलिस परेड मैदान बिलासपुर में संपन्न हुआ । समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय,प्रदेश प्रभारी श्री ओम माथुर,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। सबने भाजपा के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं का पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया ।इस अवसर पर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के पथरिया मंडल के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के जोगी कांग्रेस व कांग्रेस के लगभग दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा की प्रभारी श्री ओम माथुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत हुई है। 46त्न से ज्यादा वोट बीजेपी को विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुआ है। समाज के सभी वर्गों का सहयोग हमें मिला है ।उन्होंने कहा कि अभी सरकार को एक महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और हम मोदी जी की गारंटी के बड़े वादों को पूरा कर लिए हैं ।उन्होंने कहा कि राज्य कैबिनेट की प्रथम बैठक में 18 लाख गरीब लोगों को आवास स्वीकृत किया है ।हमने 2 साल का बकाया बोनस भी अटल जयंती पर किसानों को दिया। राज्य के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3716 करोड़ से ज्यादा का बोनस उनके खाते में अंतरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पीएससी ने पिछले साल हमारे मेहनतकश बेटा बेटियों के साथ खिलवाड़ किया था। इसकी सीबीआई जांच की अनुशंसा हमने कर दी है ।उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत भी जल्द ही एक हजार रुपए विवाहित महिलाओं के खाते में डाले जाने की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि 3100 के भाव में धान का दाम मिलेगा ।यह राशि किसानों को एक मुश्त मिलेगी ।श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के एक-एक वादे हम अपने कार्यकाल में पूरा करेंगे ।उन्होंने कार्यकर्ताओं को सभी 11 सीटों को जीतकर मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने की अपील की। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी श्री ओम माथुर ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि जब मैं पहली बार प्रभार मिलने के बाद छत्तीसगढ़ आया तो लोग कहते थे कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो सरकार बन सकती है लेकिन छत्तीसगढ़ में नहीं लेकिन जब मैं राज्य का दौरा किया। कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली तो सरकार के प्रति इतना गुस्सा था कि मुझे विश्वास हो गया कि सरकार बना लूंगा । उन्होंने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटेंजितनी है आगे 3 महीने तक हम ना सोएंगे ना बैठेंगे ना विश्राम करेंगे काम करेंगे।

हाईकोर्ट में आईएएस रानू साहू की जमानत पर फैसला सुरक्षित

कोयला घोटाला मामले में 6 महीने से हैं जेल में

बिलासपुर। कथित कोयला घोटाला मामले में आईएएस रानू साहू की गिरफ्तारी के बाद उनकी जमानत अर्जी को लेकर आज हाईकोर्ट में जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने सभी पक्षकारों की ओर से दी गई दलीलों को सुना, जिसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.

प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने आईएएस रानू साहू को बीते साल 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था. रानू साहू ने अपने वकील के जरिए लोअर कोर्ट में भी याचिका दायर की थी, जिसके खारिज होने के बाद उन्होने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. अब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई है और कोयला घोटाले में उन पर लगे गंभीर आरोप की भी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है. आईएएस रानू साहू 2010 बैच की ढ्ढस् अधिकारी है. राज्य शासन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद 22 जुलाई 2023 को उन्हें सस्पेंड कर दिया था। इससे पहले गुरुवार 14 दिसंबर को 2023 को ढ्ढस् रानू साहू की जमानत याचिका पर बहस हुई थी, उस दौरान रानू साहू के वकील ने भी अपने तथ्य प्रस्तुत किए थे, लेकिन सुनवाई अधूरी रह गई. जिसके बाद हाईकोर्ट ने इसके लिए 8 जनवरी तक का समय दिया था।

इनकी भी हुई थी गिरफ्तारी

बता दें कि, छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय ने 540 करोड़ रूपए के कथित कोयला घोटाले का खुलासा किया था। 21 जुलाई को रानू साहू के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी घर श्वष्ठ ने छापा मारा था। इस दौरान करीब चौबीस घंटे की जांच के बाद श्वष्ठ ने 22 जुलाई की सुबह आईएएस रानू साहू को गिरफ्तार किया था। रानू साहू के अलावा सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई, एसएस नाग, सूर्यकांत तिवारी को भी गिरफ्तार किया गया था. इसके अलावा कुछ कांग्रेसी नेता भी जांच के दायरे में हैं। यह मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

लोकल आवक बढ़ने से 100 का टमाटर 10 रूपए किलो

बिलासपुर /नवप्रदेश। स्थानीय बाडियों से टमाटर के अधिकतम आवक से शहर के थोक फल मंडी तिफरा में टमाटर का रेट 100 रूपए से 200 रूपए प्रति कैरेट हो चुकी है। जिससे फुटकर व्यापारियों द्वारा शहर के बाजारों में 10 रूपए प्रति किलो की दर से बेची जा रही हैं।

हरी सब्जियों के बढ़े दाम के बीच दूसरे राज्यों से टमाटर आने के साथ प्रदेश के स्थानीय बाडियों धमधा, भाटापारा ,रायपुर और बेमेतरा से अधिकतम आने लगी है। जिससे टमाटर की कीमते में काफी हद तक गिरावट देखने को मिल रहा है। थोक सब्जी मंडी में टमाटर 100 से 200 रूपए प्रति कैरेट चल रही है, जहां स्थानीय बाजारों में फुटकर व्यापारियों द्वारा 10 रूपए प्रति किलो की दर से बेची जा रही हैं। लोग घरेलू सब्जियों के रूप में टमाटर का उपयोग अधिक कर रहे हैं। वहीं अन्य सब्जियों के दाम बढ़ी हुई हैं।

समाज को आगे बढ़ाने में युवाओं की भूमिका अहम-रजनीश सिंह

सीपत/नवप्रदेश। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए समाज में बल देने की आवश्यकता पर जोर देना होगा और सामाजिक एकता के लिए सभी को आगे आकर प्रयास करना है। समाज ने युवाओं पर भी भरोसा जताया है। समाज के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन लेकर उनके दिशा निर्देश में युवा जोश के साथ समाज को आगे लेकर जाएं। समाज के प्रति अपने जीवन का हर पल न्यौछावर करने की अवश्यकता है। ये बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह ने कहा। रविवार को उच्चभट्ठी के शिवशक्तिदाई मंदिर प्रांगण में खारंग देशहा यादव समाज सीपत क्षेत्र के नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। सभी पदाधिकारियों ने जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव उपाध्यक्ष अमित यादव सुधारम यादव संतोष यादव जगन्नाथ यादव गौरी शंकर यादव सचिव दीपक यादव कोषाध्यक्ष भोलाराम यादव सहसचिव तिलक यादव लव यादव प्रवक्ता रवि यादव लक्ष्मी यादव दरसराम मीडिया प्रभारी सुरेश यादव संरक्षक भागवत यादव रामकुमार यादव गंगाराम यादव ने शपथ ली।

राष्ट्रीय शालेय जूनियर कबड्डी स्पर्धा के लिए 6 खिलाड़ी चयनित

बिलासपुर। 67वीं राष्ट्रीय शालेय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा बिलासपुर के छ्र खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ स्कूल गेम्स कबड्डी टीम में हुआा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि 67वीं राष्ट्रीय शालेय जूनियर अंडर 17 वर्ष कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 11 जनवरी तक कमररेड्डी तेलंगाना में किया जा रहा है जिसमें आकाश यादव, घनश्याम राठिया, नितेश साहू, राहुल भोई, तुसार यादव, और योगेश साहू शामिल हैं।टीम के कोच व्यायाम शिक्षक महेन्द्र पटेल (बिलासपुर) टीम के साथ शामिल हैं।

मलखंभ के खिलाड़ियों को टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

बिलासपुर। प्रथम दीव बीच गेम्स 2024 में छत्तीसगढ़ मलखंभ के महिला-पुरूष दोनो ग्रुप के खिलाड़ियों ने टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक राज्य के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। भारत का पहला मल्टी स्पोर्टस बीच गेम्स दीव में आयोजित गया था। इस राष्ट्रीय स्तर के दीव बीच गेम्स में भारत के करीब 20 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश के महिला पुरूष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पुरूष खिलाड़ियों की टीम ने 117 अंक तथा महिला खिलाड़ियों की टीम ने 79 अंक प्राप्त कर टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया और भारत देश के पटल पर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। इस प्रथम बीच गेम्स में प्रथम विजेता होने का गौरव छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों के नाम रिकार्ड दर्ज हो गया है।

महिला खिलाड़ी मोनिका पोटाई, सरिता पोयम, अनिता गोटा, दुर्गेश्वरी कुमेटी, शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह पुरूष खिलाड़ी :- राजेश सलाम, मोनू नेताम, राकेश कुमार वरदा, श्याम लाल सोरी, अतीफ रजा खान, अखिलेश कुमार। कोच -संतोष शोरीत, कनीकी अधिकारी प्रेमचंद शुक्ला, पुष्कर दिनकर की भूमिका महत्वपूर्ण रही। जैसा कि विगत कई वर्षों से विभिन्न राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत, कास्य पदकों पर कब्जा कर अपना लोहा मनवा चुकी है। ठीक उसी के अनुरूप छत्तीसगढ़िया मलखंब खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का मान रखते हुए सर ऊँचा कर दिया है।

सीपत में लगा स्वास्थ्य शिविर 456 मरीज हुए लाभान्वित

सीपत/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ रॉयल बिलासपुर एवं आर बी हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सीपत के सामुदायिक भवन में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशाल शिविर में आर बी हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों के विशिषज्ञ चिकित्सकों ने लगभग 450 मरीजों के स्वास्थ्य का मुफ्त परीक्षण किया एवं उनकी समस्याओं हेतु समुचित निराकरण किया। दूर दूर से आए विभिन्न ग्रामवासियों ने नेत्र दंत हड्डी स्त्री, हृदय, मधुमेह, रक्तचाप, नाक कान गला, न्यूरोलॉजी आदि विभागों के विशेषज्ञों की मुफ्त जांच का लाभ प्राप्त किया। शिविर में पहुंचे सभी मरीजों के शुगर लेवल एवं रक्तचाप की भी मुफ्त जांच की गई। आर बी हॉस्पिटल से विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. आरपी मिश्र डॉ.बी डी लालचंदानी डॉ. आर के गुप्ता डॉ. मोहन गुप्ता डॉ. अनिल कुमार मैनी डॉ. के सिद्धार्थ डॉ. मृत्युंजय सरकार डॉ. हेमांग अग्रवाल डॉ. इंसाफ खान डॉ. एफ एस खान डॉ. रौनक कलवाणी डॉ. एमए कलाम डॉ.साहिब सिंह धीर डॉ. चंद्रकला शर्मा डॉ. डालविन दोहरे डॉ. अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

इस आयोजन में असिस्टेंट गवर्नर शिल्पी चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। रोटरी क्वींस बिलासपुर से रोटेरियन वंदना सिंह एवं मनीषा जायसवाल उपस्थित रही। वक्ताओं ने कहा कि सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नही है। स्वास्थ्य सेवा जीवन का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस दौरान रोटरी रॉयल बिलासपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सीए मनीष गुप्ता सचिव पी. भास्कर नायडू वसुंधरा क्षत्रिय पियूष बजाज सागर बंजारे मुकेश साहू, संदीप वर्मा उमाकांत शर्मा इंदरपाल सिंह हूरा मनिंदर सिंह छाबड़ा अमित पाल सिंह टुटेजा सुनील कुमार राकेश, सीए प्रदीप पुरी एवं सतविंदर सिंह अरोरा आदि उपस्थित रहे।

बैठक | बैगा जनजाति के युवाओं को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण

सभी होटल और रेस्टोरेंट्स में हो व्हील चेयर की व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा है कि सभी होटल और रेस्टोरेंटस में व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए ताकि बुजुर्गों और असहाय लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने बैगा युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही कौशल विकास की ट्रेनिंग देने के निर्देश कौशल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। श्री शरण ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा युवाओं को वहीं उनके निवास के आस-पास ही कौशल विकास की ट्रैनिंग दी जाए। वे अपने आस-पास के परिवेश से भलीभांति परिचित होते हैं। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना में अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए शिविरों के जरिए उन्हें सभी विभागों के समन्वित सहयोग से योजनाओं का फायदा पहुंचाने कहा। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की भी समीक्षा की। गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, बैरीकेडिंग, साज-सज्जा, परिवहन, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पुरस्कार, निमंत्रण जैसे विभिन्न कार्यों के लिए विभाग प्रमुखों को दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा कलेक्टर ने टीएल, राजस्व के लंबित मामलों की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकृत करने कहा। बैठक में एडीएम आर.ए. कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी, सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

विकसित भारत यात्रा से पूरा हो रहा अंत्योदय का हमारा संकल्प- कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव सोमवार को विधानसभा बिल्हा के ग्राम बरतोरी पहुंची।

शिविर में विधानसभा बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर शिविर के उद्देश्यों के में जानकारी दी साथ ही देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के सबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से किये बातचीत को सुना गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री जी ने बातचीत के दौरान छत्तीसगढ़ के कांकेर के एक किसान परिवार से संबंध रखने वाली महिला भूमिका भूआराया से बात की महिला ने बताया कि वह अपने गांव में 29 वन धन समूहों में से एक में सचिव के रूप में काम करती हैं और उन्होंने वन धन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जल जीवन, मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधिसहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आपके गांव में खड़ी है। ये मोदीजी की गारंटी वाली सरकार है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है।

■ न्यूज गैलरी

सुरक्षा बलों ने ग्रामीणों को वितरित की दैनिक उपयोग की वस्तुएं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, 230 बटालियन, नेरली घाटी, दन्तेवाड़ा द्वारा नागरिक सामंजस्य कार्यक्रम का अनिल कुमार प्रसाद, कमाण्डेन्ट 230 बटा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में रेंगनार, गॉव- रेंगनार, मसेनार,गंजीनर, जिला- दन्तेवाड़ा, छत्तीसगढ़ में आयोजन किया गया। उक्त गॉव में अत्यन्त नक्सल प्रभावित एवं पिछड़ा इलाका होने के कारण क्षेत्रीय ग्रामीण नागरिक आधुनिक सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। उनकी दैनिक आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए सैकड़ों नग मच्छर दानी, सोलर लेंप, स्ट्रीट लाइट, स्टील कन्टेनर, प्लास्टीक कन्टेनर एवं स्कूली बच्चों से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर 600 लाभार्थी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा साथ ही माओवादी हिंसा को छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम के दौरान 230 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपने लक्ष्य श्रेश्ठ एवं सुरक्षित बस्तर को चरितार्थ करते हेतु लगातार ग्रामीणों और आदिवासियों के लिए इस तरह के आयोजन कर रही है, यह क्षेत्रीय जन मानस को सुरक्षित सुविधा व सहायता उपलब्ध कराने की एक सतत प्रक्रिया है।

स्वयंसेवकों को दी योजनाओं की जानकारी प्रशासन के कार्यों से कराया रूबरू

कोण्डागांव/नवप्रदेश। युवोदय कोंडानार चैंस अंतर्गत मेगा वालंटियर रजिस्ट्रेशन और क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के युवाओं को समृद्धि और ज्ञान के साथ आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हुए जिले के चारों ब्लाकों से आए नए स्वयंसेवकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ प्रशासन के कार्यों से रूबरू कराने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए स्वयंसेवकों को जिले की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और युवोदय कोंडानार चैंस के माध्यम से जिले में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी स्वयंसेवकों को अपनी योजनाओं और कार्यों के बारे मं जानकारी देने के साथ-साथ उनके साथ सहयोग के बारे में भी चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग के झम्मन लाल वर्मा ने अनीमिया, कुपोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, सिकल सेल, और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जो जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए आवश्यक हैं। कृषि विभाग के शेषमणी पाण्डे द्वारा कृषि विकास के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। पशुधन विभाग के डॉ0 एसके नाग द्वारा पशु चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। जिससे पशुपालकों को नई योजनाओं का लाभ मिल सके। शिक्षा विभाग के वेणु गोपाल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इन विभिन्न विषयों पर चर्चा के माध्यम से स्वयंसेवकों ने विभिन्न योजनाओं को समझा और समुदाय और गांवों में इनकों लागू करने हेतु प्रेरित किया गया।

भाजपा नेता असीम रॉय की गोली मारकर हत्या

- **सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद, जांच में जुटी पुलिस छावनी में तब्दील हुआ पखांजूर**
- **अंतिम संस्कार में बीजेपी मंत्री केदार, सहित दिग्गज होंगे शामिल**

कांकेर/पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजुर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा के दिग्गज नेता असीम रॉय को पुराना बाजार के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पखांजुर में माहौल बिगड़ गया है, गौरतल है कि हत्या के बाद पखांजुर सिविल अस्पताल में उन्हें लाया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही भाजपा समर्थकों ने पखांजुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय के सामने नगर पंचायत के वार्ड पार्षद विकास पाल के होटल में तोड़ फोड़ कर सड़क के सामने आग लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। पखांजुर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष शंकर सरकार ने बताया कि पखांजुर के भाजपा कद्दावर नेता असीम रॉय को खुलेआम पुराना बाजार चौक पर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। चारों तरफ सीसीटीवी लगा हुआ है मगर पखांजुर पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। तत्काल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। वहीं पखांजुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रवि कुजूर ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर हालात पर काबू पाया है।

कांकेर जिले के पखांजूर में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष एवं पखांजुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष असीम राय की अज्ञात लोगों ने बीती रात को गोली मारकर हत्या कर दी है,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष को गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की हत्या को लेकर पूर्व विधायक मंतूराम पावर और भाजपा के पूर्व विधायक भोजराज नाग के नेतृत्व में भाजपाई पुराना बाजार चौक पर धरने पर बैठ गए हैं। आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। साथ ही कांग्रेस नेता के घर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने हत्या का आरोप लगाते हुए पत्थरबाजी की है। धरना प्रदर्शन के समर्थन में पखांजुर के सभी व्यापारी अपना व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर समर्थन दिया है। क्षेत्र में स्कूल भी बंद हैं। भाजपा नेता की हत्या पर आक्रोश जताते हुए पूर्व विधायक मंतूराम पावर ने कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नही होंगे तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। आरोपियों को पकड़कर फांसी की सजा देनी चाहिए। इस मामले पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने भाजपा नेता आसीम राय की हत्या को राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि हमने गृहमंत्री विजय शर्मा को फोन पर मामले की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

खड़े ट्रक से बाइक टकराई एक की मौत, तीन घायल

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। चारामा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बाबूकोहका रेशम प्लांट के सामने एक मोटर साईकिल का गलत तरीके से खड़े ट्रक से टकराने के कारण घटना स्थल पर ही वाहन चालक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लड़कियां घायल बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार बाबू कोहका रेशम प्लांट के सामने एक ट्रक सीजी 17॥ 2700 जगदलपुर की गाडी रायपुर से जगदलपुर जाते समय खराब होने के कारण विपरीत दिशा में थी। घटना के समय शाम 7,30 बजे चारामा के समीप ग्राम दरगाहन निवासी कमलेश कुमार कुंजाम पिता सोनसाय उम्र 26 वर्ष घर से जगदलपुर के लिए मोटर साइकिल पर निकला था। उसके साथ ग्राम की ही तीन लड़कियां कु कामिका गोटा, तनु जुर्री, डिंपल जुर्री भी थी। जो कि उसी ग्राम की रहने वाली बताई जा रही है। मृतक कमलेश छुट्टी में घर आया हुआ था। वह जगदलपुर में विद्युत विभाग में कार्यरत था। घायलों में से दो की हालात गंभीर है। जिसे रायपुर रिफर कर दिया गया है।

समता रंगमंच दुर्गा मंदिर के सामने अवैध पार्किंग से अव्यवस्था

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। चारामा के हृदय स्थल पर स्थित समता रंग मंच दुर्गा मंदिर के सामने अवैध रूप से टैक्सी स्टैंड बनाकर गाड़ी खड़ी की जा रही है। इससे मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों में विशेष रूप से महिलाओं को असुविधा होती है। वजह यह भी बताया जा रहा है कि उस स्टैंड में वाहन तो बेतरतीब खड़ी करते ही हैं। साथ ही वह स्थल दारू पीने का भी अड्डा बन गया है जिससे बेतरतीब गंदगी का आलम पसरा रहता है। जिसकी बदबू आती है तथा महिलाओं के साथ ो अभद्रता भी सहनी पड़ती है। वैसे तो यह स्थल सार्वजनिक कार्यक्रमो का छोटा सा मैदान है ठीक सामने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थित है जिसके सामने भी वाहन खड़ी रहती है। ज्ञात हो कि वह नदी पार के ग्राम जाने का भी रास्ता है। उसी प्रकार नगर के मुक्ति धाम भी जाने का मार्ग है इस मार्ग को व्यस्तम मार्ग कहा जा सकता है।इसकी दूरी थाने से चंद कदमों में है। ऐसी स्थिति में इस धार्मिक स्थल को सहेजने की जिम्मेदारी सभी की है मंदिर समिती के द्वारा इस दिशा में उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

आदिवासी क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए सरकार कटिबद्ध : पीएम मोदी

- **पीएम मोदी ने कांकेर की हितग्राही भूमिका से किया संवाद**

कांकेर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने आज दोपहर को हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान सबसे पहले कांकेर जिले की हितग्राही से उन्होंने संवाद किया। ग्राम मनकेसरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंची ग्राम भानबेड़ा की कुमारी भूमिका भूआर्य से प्रधानमंत्री ने संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के पूछे जाने पर कु. भूमिका ने बताया कि उनके गांव में 29 समूह हैं और वन धन विकास केंद्र के माध्यम से लघु वनोपज संग्रहण का काम समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है, जिसका बड़े पैमाने पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके तहत महुआ के लड्डू और आंवले का अचार बनाकर बेचा जाता है। श्री मोदी के पूछने पर कु. भूमिका ने बताया कि महुआ के लड्डू बनाकर समूह द्वारा 700 रुपए प्रतिकिलो के भाव पर बेचा जाता है।

पीएम ने चुटकी लेते हुए पूछा-और क्या काम आता है महुआः वर्चुअल संवाद के दौरान हितग्राही कु. भूमिका से प्रधानमंत्री ने चुटकी लेते हुए पूछा कि और किस चीज के लिए महुए का उपयोग होता है, जिस पर भूमिका सहित मौजूद सभी लोगों के ठहाके से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। भूमिका ने यह भी बताया कि इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि का भी लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि योजनाओं की जानकारी माता पिता के माध्यम से पता चला। बीएससी प्राइवेट अध्ययनरत 21 वर्षीया कु. भूमिका ने यह भी बताया कि वह और उनका छोटा भाई कॉलेज में अध्ययनरत हैं।

इस पर प्रधानमंत्री ने भूमिका के जागरूक माता पिता के प्रणाम करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता के चलते बच्चे उच्च शिक्षा का लाभ ले रहे हैं। 7 मिनट तक हुए सीधा संवाद के बाद पीएम मोदी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ निचले स्तर पर भी निर्बाध ढंग से पहुंच रही है, इसकी उन्हें संतुष्टि है।

विस चुनाव में सर्वआदि दल ने दर्ज कराई मौजूदगी

- **दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पन्नालाल ने ली कांफ्रेंस**

जगदलपुर/नवप्रदेश। सर्व आदि दल ने विधानसभा चुनाव में ग्यारह प्रत्याशी उतारे थे। निर्वाचन आयोग में दल का पंजीयन 16 अक्टूबर को हुआ, पर चुनाव चिन्ह नहीं मिला। मात्र तीन सप्ताह और शून्य अर्थव्यवस्था के बावजूद पार्टी का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा। यह बातें सर्व आदि दल के राष्ट्रीय के अध्यक्ष पन्नालाल ने प्रेसकांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ अंकुश बारिएकर, रामू यादव, ढंकेश्वर साहू, सुभाष महानंद व अमित रॉबर्ट आदि मौजूद थे। पन्नालाल ने कहा कि प्रत्याशियों ने बस्तर क्षेत्र की 9 सीटों पर 80, 669 वोट प्रभावित किए तथा ग्यारह सीटों पर 1 लाख 14 हजार 286 मतदाताओं को परंपरागत वोटिंग से हटाया।

कोंटा में डर का माहौल- पन्नालाल ने कहा कि चुनाव में ईसाई वोटरों पर जानलेवा हमले, कोंटा में नामांकन भर रहे दो प्रत्याशियों को हमलों के कारण भूमिगत होना पड़ा। तीसरे प्रत्याशी चन्नाराम ने पर्चा भरा। हथियार से लैस भीड़ ने वोट ना डालने की चेतावनी दी। दो जगहों पर करीब 25 एकड़ धान की खड़ी फसल लूटी। पुलिस से संरक्षण नहीं मिला। डर के माहौल के कारण नोटा में करीब 8 हजार वोट पड़ना अभूतपूर्व है। डर के कारण कइयों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली है। कांकेर में भाजपा 16 प्रतिशत से अधिक वोटों से जीती, जबकि सर्व आदि दल को 1,506 मिले और कुल 4,235 वोटों को प्रभावित किया। केशकाल में भाजपा 5,560 से जीती सर्व आदि दल का प्रभाव 5,727 वोटों पर रहा। वहीं चित्रकोट में भाजपा 8,370 से जीती तथा ईसाई समाज के 10,398 परंपरागत वोट नहीं पड़े।

परंपरागत वोटिंग से दूर हुए ईसाई- अध्यक्ष पन्नालाल ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र में सर्व आदि दल के प्रचार ने ईसाई समाज को परंपरागत वोटिंग से अलग रखा। बस्तर के कोंटा में कांग्रेस 1,981 वोटों से जीती। भाजपा को 30,795 वोट मिले। सर्व आदि दल को 2,881 वोट मिले। अत्याचार के दौर में कांग्रेस की निष्क्रियता रही। भाजपा का नैतिक एवं संवैधानिक समर्थन मिलने से कोंटा का रुख बदल जाता। बस्तर सीट पर कांग्रेस की जीत 6,431 वोटों से हुई और सर्व आदि दल ने 6,539 वोटों को प्रभावित किया।

साय की बातों से समाज खुश- सर्व आदि दल के नेताओं ने कहा कि नारायणपुर दंगों के दौर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान सिर्फ 2 प्रतिशत के लिए बाकियों को नाराज नहीं कर सकते और अल्पसंख्यक आयोग में समाज के सदस्य को स्थान नहीं देना नाराजगी का कारण था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस संवैधानिक और सेक्युलर मूल्यों को पुनः स्थापित करें। तभी वह कुछ हासिल कर पाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्मांतरण के मुख्य कारण गरीबी, मूलभूत सुविधाओं और आत्म सम्मान के अभाव को खत्म करने की बात कही है।

लोक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि, स्वर्गीय गिरधर शर्मा द्वारा नेहरु चौक, ग्राम मुंगेली, तहसील एवं जिला- मुंगेली, छत्तीसगढ़ में स्थित दुकान को उनके जीवनकाल में अपने तदसमय नाबालिग ज्येष्ठ पुत्र श्री देवेश शर्मा के नाम पर प्रेमवश क्रय किया गया था। वस्तुतः उक्त दुकान वर्तमान में स्वर्गीय गिरधर शर्मा के पुत्रों देवेश, मनीष एवं योगेश शर्मा की संयुक्त/साझे स्वामित्व की संपत्ति है जिसमें विगत सन् 2018 से श्री सुजीत कुमार उर्फ बबलू द्वारा दुकान/ व्यवसाय संचालित किया जा रहा है जिसका मासिक किराया पूर्व में स्वर्गीय गिरधर शर्मा द्वारा स्वयं प्राप्त किया जाता था तथा स्वर्गीय गिरधर शर्मा की मृत्यु दिनांक 20 अक्टूबर 2019 को हो जाने के पश्चात् श्री सुजीत कुमार उर्फ बबलू द्वारा नियमित रूप से स्वर्गीय गिरधर शर्मा के तीनों पुत्रों देवेश, मनीष एवं योगेश शर्मा को दुकान के मासिक किराए का भुगतान किया जा रहा है एकाध बार भाइयों की तरफ से ज्येष्ठ भाई देवेश शर्मा द्वारा किराया प्राप्त कर अपने निजी उपयोग में लाया है। गत 5 जनवरी को ऐसी सूचना मिली है कि, स्वर्गीय गिरधर शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र देवेश शर्मा द्वारा उपरोक्त संपत्ति को अपना बताकर गुपचुप एवं अवैध रूप से स्वयं बेचने का प्रयास किया जा रहा है जो कि, एक अवैधानिक एवं अपराधिक कृत्य है जिसे करने पर, श्री देवेश शर्मा एवं उनसे ऐसी कोई खरीददारी या अनुबंध करने वाले व्यक्ति/ व्यक्तियों के खिलाफ दीवानी एवं फौजदारी कार्यवाही की जाएगी। सो सूचना जानें।

दिनांक 07.01.2024; बिलासपुर, छत्तीसगढ़

सूर्यप्रताप युद्धवीर सिंह अधिवक्ता
(उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़)
हेतु- श्री मनीष शर्मा एवं श्री योगेश शर्मा
आत्मज स्वर्गीय गिरधर शर्मा,
निवासी- मुंगेली/ बिलासपुर, छत्तीसगढ़

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION RAIGARH DISTT. RAIGARH (C.G)
CORRIGENDUM NO.2

(1) In System Tender 150316/NITNo.: 14/SAC/2023-24, Raigarh,Dated: 28.12.2023 Whose G- Number is 06781/7 dated 30.12.2023
Following amendments are made:-

S.No	Previous Published	Read As
1	THIRD CALL	SECOND CALL

Note:-All other terms and conditions will remain be unchanged

G-06946/6

EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION RAIGARH
DISTT. RAIGARH (C.G.)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E&M) DIVISION, PUBLIC HEALTH ENGG. DEPTT., BILASPUR (C.G.)

N.I.T. No. 03 /2023-2024/TS/E.E./E&M/DN./P.H.E.D./ Bilaspur, Dt. 05.01.2024

SHORT NOTICE INVITING TENDER
THIRD CALL

Sl No.	Brief description of materials	Qty.	Estimated Cost (In Rs lakh)	Earnest Money (In Rs)
1.	Supply of 6"(152m.m.) dia Button Bit suitable for 6"dia (OD142m.m.) Valveless / Digger type or equivalent Hammer.	15 Nos	3.451	10400/-

2. Last date of Receipt of application for Issue of tender documents. : 17.01.2024 Up to 5.00 pm.
3. Last date of sale of tender document. : 18.01.2024 Up to 5.30 pm.
4. Last date of receipt of tender document : 19.01.2024 Up to 3.00 pm.
5. Date of Opening of Financial Bid : 19.01.2024 at 4.00 pm
6. Cost of Tender Document for each group : Rs. 750/-
7. Period of supply : 30 days from date of supply order

"TERMS AND CONDITIONS"

1. Detailed specials terms and conditions can be seen at this office, during office hours. Tender forms will be provided only with the written consent of Acceptance of departmental terms conditions.
2. This short NIT will be a part of the agreement.

G-06954/1

Executive Engineer
(E&M) Division
Public Health Engg. Deptt.
Bilaspur (C.G.)

प्रथम पृष्ठ का शेष

गरीब, किसान, महिला...

और ये नेता लोग खुद गरीब के दरवाजे पर पहुंचकर पूछेंगे कि आपको सरकारी योजना का लाभ मिला या नहीं मिला? लेकिन ये पूरी ईमानदारी से हो रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ, सरकारी दफ्तर, जनप्रतिनिधि, देशवासियों के पास, उनके गांव-मोहल्ले पहुंच रहे हैं।

सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना भी शुरु की : मोदी ने कहा कि मैंने सपना संजोया है, मैंने सपना संकल्प के रूप में देखा है और हमने तय किया है कि दो करोड़, आंकड़ा बहुत बड़ा है। दो करोड़ लखपति दीदी मुझे बनाना है। यदि लखपति दीदी की संख्या दो करोड़ हो जाएगी, कितनी बड़ी क्रांति हो जाएगी। सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना भी शुरु की है।

शेयर बाजार धड़ाम...

अंत में बीएसई सेंसेक्स 670.93 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 71,355.22 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 197.80 अंक या 0.91 फीसदी टूटकर 21,513 के स्तर पर बंद हुआ।

2,568 शेयरों में रही तेजी : बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर आज बढ़त के साथ बंद होने वाले शेयरों की संख्या अधिक रही।

पूर्व सीएम भूपेश के ...

ने कहा- छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश जी के पिता नंदकुमार बघेल जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख सहने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के पिता नंदकुमार बघेल जी का निधन दुःखद है।

चुनाव के बीच ही बना...

रुपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। कुन्नर को 94761 और टीटी को 83500 वोट मिले।

प्रदेश के गृह मंत्री ...

कानून के आधार पर पूरी कार्रवाई होनी चाहिए। रायपुर में रविवार रात हुई हत्या की वारदात में गृहमंत्री ने कहा कि इस पर जांच के निर्देश है, जल्द ही कार्रवाई होगी। पुलिस अपना काम कर रही है।

प्रदेश की 11 सीटों पर...

ओम माथुर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा सहित मंत्री रामविचार नेता, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े सहित सभी विधायक, संभागीय संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारी मंचासीन थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक 21/ले.शा./ लो.स्वा.यां. /2023-24 दिनांक 05.01.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ख्याती प्राप्त अनुभवी निर्माता से जिला-जांजगीर-चांपा / सक्ती हेतु आकस्मिक पेयजल व्यवस्था हेतु दो/चार चक्के वाले पानी टैंकर (एसएस स्टील) का प्रदाय (संलग्न शेड्यूल अनुसार) हेतु निर्माता से आमंत्रित की जाती है।

समूह क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू.में)
1	जिला-जांजगीर-चांपा क्षेत्र अंतर्गत 08 नग पानी टैंकर आकस्मिक पेयजल व्यवस्था हेतु।	16.00	12000/-
2	जिला-सक्त्ती क्षेत्र अंतर्गत 01 नग पानी टैंकर आकस्मिक पेयजल व्यवस्था हेतु ।	3.50	3500/-

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निर्धारित तिथि 15.01.2024 के पूर्व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

जी-06960/3

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक (दूर-संचार) बिलासपुरजोन, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

office : In front of central Jail, Police Line Bilaspur (C.G.) email : spte1bilaspur@gmail.com
T.P.No. 07752-238354, Fax : 222022

क्रमांक :-पु.अ./दूसं/बिला/एमटी/नीलामी/M/130/2024 दिनांक 04.01.2024

घोष विक्रय (नीलामी) की विज्ञप्ति

पुलिस अधीक्षक (दूरसंचार) बिलासपुर जोन, बिलासपुर के वाहन शाखा के वाहनों से निकले अनुपयोगी 21 नग टायर एवम् 17 नग ट्यूब की नीलामी की जानी है। निष्प्रयोज्य टायर ट्यूब की नीलामी, कार्यालय पुलिस अधीक्षक (दूरसंचार) बिलासपुर जोन, सेंट्रल जेल के सामने पुलिस लाईन बिलासपुर (छ.ग.) में दिनांक 19.01.2024 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 15.00 बजे तक खुली बोली की प्रक्रिया के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है।

घोष विक्रय की शर्ते निम्नवत हैं :-

1. इच्छुक केता, पुलिस अधीक्षक (दूरसंचार) बिलासपुर जोन के नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिलासपुर का रू. 1,000/- (रू. एक हजार मात्र) की डी.डी. जमा करने उपरांत ही नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। बोली स्वीकार होने पर जमानत राशि के अतिरिक्त उच्चतम बोली की 10% राशि उसी समय जमा करना अनिवार्य है। उक्त राशि जमा नहीं करने पर उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि राजसात की जावेगी एवं अनुपयोगी सामग्री दूसरे बोलीकार को दी जावेगी। शेष राशि कार्यालय में 07 दिवस के अंदर जमा कर सामग्री अपने अधिपत्य में लेकर सामग्री ले जाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर उनके द्वारा जमा की गई सम्पूर्ण राशि राजसात की जावेगी एवं अगले उच्चतम बोलीकर्ता को अनुपयोगी सामग्री दे दी जावेगी ।
2. इच्छुक क्रेता, नीलामी के संबंध में नियम/शर्तों की विस्तृत जानकारी, कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय के वाहन शाखा में प्राप्त कर सकते हैं एवं अनुपयोगी सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं।

जी-06939/3

पुलिस अधीक्षक (दूरसंचार)
बिलासपुर जोन बिलासपुर
(छत्तीसगढ़)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद गुहाराम

सारंगढ़/नवप्रदेश। जांजगीर सांसद गुहाराम अजगल्ले जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम चिकनीडीह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ योगेश्वरी बर्मन उपस्थित थीं। जिले के भड़िसार, गंजाईभौना, चिकनीडीह, गदहाभाठा, सेमिकोट, तेन्दुदरहा और बेहालडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। महिलाओं ने स्वागत में रंगोली बनाई, कलश स्थापना की और सामूहिक आरती भी की। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य स्टाल में इलाज कराए और दवा लिए। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया डीपीआरसी का निरीक्षण

सारंगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ में पंचायत विभाग के डीपीआरसी भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर आरईएस एसडीओ बी के खांडेकर, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

निवर्तमान कलेक्टर ऋचा को दी विदाई

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को आज भावभीनी विदाई दी गई। निवर्तमान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन में सभी ने टीम वर्क के साथ काम किया इसलिए सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यही वजह रही कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की जो जिम्मेदारी दी गई उसका सभी ने संवेदनशीलता के साथ बहुत ही अच्छे से निर्वहन किया । उन्होंने कहा कि 11 माह के कार्यकाल में सिर्फ कार्यों पर फोकस किया और उनको करते हुए जो भी चुनौतियां सामने आई उनका हल निकाला । उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही जिले में खेल की गतिविधियों सहित अन्य क्षेत्र में बेहतर किया गया उन्होंने कहा कि जांजगीर में अग्निवीर भर्ती का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई कार्यक्रम को अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, संयुक्त कलेक्टर निशा नेताम मंडावी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अपने अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। एक महिला के घर घुस कर छेड़छाड़ करते हुए मारपीट करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत निवासरत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बांकीमोंगरा के बनवारी साइड अंबेडकर नगर में रहने वाला ईश्वर साहू 31 वर्ष उसके घर में घुस गया था और रात 10 बजे उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ के साथ मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बदतमीजी किया। महिला ने चिल्लाते हुए बचाव की कोशिश भी की। इस बीच आरोपित एक कमरे में बंद हो गया। मामले की सूचना महिला ने अपने पति के साथ ही डायल 112 में सूचना दी। स्थल पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ कर थाना लेकर आई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 354, 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

जशपुर-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू

जशपुरनगर/नवप्रदेश। जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। डामरीकरण कार्य चल रहा है। सोनक्यारी में डामरीकरण लगभग पूरा हो गया है। सोनक्यारी से आगे हर्रापाठ डामरीकरण कार्य आगे तेजी से बढ़ रहा है। रोड शीघ्र पूर्ण हो, इसे ध्यान में रखते हुए मजदूर बढ़ाए गए हैं। रोलर, पेवर, जेसीबी, ट्रैक्टर ब्रोजर, ग्रेडर, हाइवा, सिंगल ड्रम, पानी टैंकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था है। कार्य में प्रगति लाने देर शाम तक काम चल रहा है। डामरीकरण कार्य 38 किलोमीटर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिले में रोड निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश का असर दिख रहा है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सन्ना तक सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में आसानी होगा। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएमएम, डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगी। डामरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल लगातार सड़क निर्माण की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार की खेल नीति केवल कागजों में

स्कूल-कॉलेजों में क्रीड़ा अधिकारी के पद तक नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। जहॉ एक ओर शासन खेल को बढावा देने के लिए छत्तीसगढ़ ओलपिक का आयोजन कर खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया वही जमीनी हकीकत कुछ और है। स्कूलो मे जहां खेल मैदान नही है वही कीडा अधिकारी का पद सरकारी स्कूलों में प्राइमरी और मिडिल स्तर और कालेजो मे पद का प्रावधान ही नहीं है। ऐसे मे खेल को कैसे बढावा मिलेगा। 2022, 2023 में दो राष्ट्रीय खेल हुए परंतु परंपरा अनुसार खेलों में भाग लेने से पहले स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा तक नहीं की गई हालांकि जाबाज खिलाड़ियों ने अपने दम पर पदक जीते। इन पांच र्वों में न ही खेल अलंकरण समारोह और न ही उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया और ना ही राज्य के दल 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस में भी सम्मिलित हो पाये। इसके अलावा विगत 5 वर्षों में न ही विभागीय पदोन्नति, न ही मैराथन दौड़, ग्रामीण महिला खेलकूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल अक्टूबर में नई खेल नीति का ऐलान किया था। नीति में एक नहीं, ऐसे कई प्रावधान किए गए जिनसे बच्चों को खेल का अधिकार मिले। लेकिन नई खेल नीति केवल कागजों में सिमटकर रह गई है। जमीनी सच्चाई और प्रावधानों में बड़ा फर्क भी है। जैसे नई खेल नीति के मुताबिक ऐसे किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं दी जा सकती, जहां खेल मैदान न हो। हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा है। तकरीबन हर शहर में ऐसे कई स्कूल हैं, जो दो-तीन कमरों में चल रहे हैं। इनमें मैदान या पार्किंग तो है ही नहीं। इधर बढ़ते अतिक्रमण के चलते सरकारी स्कूलों के मैदान भी कम पड़ने लगे हैं। कहीं तो सरकारी एजेंसियां ही स्कूलों के मैदान को छोटा करने पर आमादा हैं। के सरकारी स्कूल में भारी-भरकम पानी टंकी बना दी गई है। इन हालात में बच्चों को आउटडोर गेम्स की ट्रेनिंग मिल पाना मुश्किल है। जिले के सौ फीसदी सरकारी स्कूलों में प्राइमरी और मिडिल स्तर पर गेम्स टीचर्स का प्रावधान ही नहीं है,दर्जनभर स्कूलों से मैदान खत्म कर दिए गए हैं।फिजिकल एजुकेशन का कोर्स यानी बीपीएड करने वाले हजारो लोगों में से अब तक महज गिनती के लोगो को भी नौकरी नहीं मिली। जाहिर है कि ये खामियां अब व्यापक हो गई हैं। घोषित नई खेल नीति की बात करें तो इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं। इन पर अमल किया जाए तो खेल के क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है। नई नीति में बच्चे भी हैं, जिनके जरिए प्रतिभाओं को तराशा जा सकता है। 01 नवम्बर 2000 को हमारे प्रदेश के गठन के साथ ही खेलों में छत्तीसगढ़ के बच्चों, किशोरों, युवाओं के लिए खेलकूद में अपनी प्रतिभा को दिखलाने की अपार संभावना थी। समय के आगे बढ़ने के साथ ही साथ 2018 दिसम्बर तक प्रदेश के खिलाडियों ने व्हालीबाल, हैंडबाल, बैडमिंटन, शक्तितोलन, शतरंज, क्रिकेट, नेटबाल, भारोत्तोलन, कयाकिंग-कैनोइंग, टेनिस, रोलबाल, फुटबाल आदि कई खेल हैं जिसमें शानदार प्रदर्शन किया। वस्तुतः 2018 दिसम्बर तक खेलकूद के लिए अनुकूल वातावरण बन गया था परंतु दुर्भाग्य की बात है इसी समय छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आ गई और खेल का भविष्य अंधकारमय हो गया। छत्तीसगढ़ में परंपरा मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बनाने से शुरू हुई। वास्तव में यह सही हो सकती थी जब मुख्यमंत्री की सोच खेल को आगे बढ़ाने की हो। वह खेल के महत्व को समझने वाला हो। उनमें खेलकूद से जुड़े हुए लोगों को लेकर चलने की चाहत हो। सोचनीय तथ्य यह है कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मुख्यमंत्री इस विचार से मित्रता रखने वाले निकले साथ ही साथ खेल विभाग में पदस्थ युवा मंत्री की बात ही निराली थी। वे 5 वर्षों तक खेल विभाग के मंत्री रहे लेकिन खेलहित में ऐसा कुछ भी नहीं किया जिसका उल्लेख यहां पर किया जा सके। इसके अलावा जिन अधिकारियों की नियुक्ति खेल संचालनालय में हुई वे भी खेल राज्य एक राज्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के महत्व को नहीं समझ सके। खेल संचालनालय में राज्य सेवा स्तर के अधिकारी को खेल अधिकारी

वनकर्मी और परिजनों की पिटाई पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर

जशपुरनगर/नवप्रदेश। सन्ना थाना में बड़ी संख्या में वन रक्षक एकत्रित होकर वन व उसके परिजन के ऊपर हमला करने वालों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। वनकर्मियों ने बताया कि जशपुर के सन्ना वन परिक्षेत्र में वनरक्षक सुधन साय और उनकी पत्नी चंद्रमणि पैंकरा के साथ सन्ना के शनिवार की रात आग ताप रहे थे।

तभी सन्ना के रहने वाले शहनवाज, सैफ, रोहित साहू, रवि भगत, मनोहर ताम्रकार, बबलू ठाकुर डिपो से जबरजस्ती लकड़ी ले जाने लगे। रोके जाने पर वनरक्षक उसकी पत्नी और बेटी के साथ मारपीट की। इस दौरान गाली-गलौज और धमकी भी दी। वनरक्षक शांति स्वरूप तिवारी और निरंजन मिंज को डरा धमका कर भगा दिया गया। पीड़ित वनकर्मी सुधन साय ने बताया कि हमलावरों ने न सिर्फ उनके साथ मारपीट की बल्कि उनकी पत्नी चंद्रमणि पैंकरा और उनकी बेटी की भी काफी देर तक बेरहमी से पीटते रहे। उन्हें साथ दुर्व्यवहार भी किया। वनकर्मी संघ के पदाधिकारी सागर भगत ने बताया कि सन्ना थाना में 50 से अधिक वनकर्मी पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अगर कार्रवाई नहीं करती तो संघ इस मामले को लेकर आंदोलन करेगा। पीड़ित सुधन साय ने बताया कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया है। आरोपियों को पुलिस ने बस पूछताछ के नाम पर थाना बुलाकर छोड़ दिया है। मामले में अजाक्स एसडीओपी चंदशेखर परमा ने कहा कि मारपीट की घटना की गंभीरता से पड़ताल करके आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज

सक्ती/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में 09 जनवरी को ग्राम पंचायत भवन गुंजियाबोड, ग्राम पंचायत भवन गुडरूकला, ग्राम पंचायत भवन कैथा, शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन छोटेसीपत, शासकीय प्राथमिक शाला भवन खेमड़ा, प्राथमिक शाला सपनाईपाली, प्राथमिक शाला नवापाराकला, पंचायत भवन लिमतरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन भेड़ीकोना और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन उपनी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत भवन गुंजियाबोड में सुबह 9 बजे से, ग्राम पंचायत भवन गुडरूकला में दोपहर 01 बजे से और ग्राम पंचायत भवन कैथा में दोपहर 03 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत मालखरौदा के शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन छोटेसीपत में सुबह 10 बजे से एवं शासकीय प्राथमिक शाला भवन खेमड़ा में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत सक्ती के प्राथमिक शाला सपनाईपाली में सुबह 9 बजे से, प्राथमिक शाला नवापारकला में दोपहर 01 बजे से और पंचायत भवन लिमतरा में दोपहर 03 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की संविदाकर्मियों ने मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के संविदाकर्मी महासंघ के प्रदेश सचिव श्रीकांत लास्कर के नेतृत्व में नवनियुक्त वित्त मंत्री ओपी चैधरी से मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनने पर शुभकामनाएं देते हुए अपने नियमितिकरण की मांगों से अवगत कराया। जिस पर वित्त मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर जल्द ही कार्यवाही की जावेगी। संघर्ष के दिनों में साथ देने की स्मृति को यादगार बनाने के महासंघ ने हड़ताल पंडाल पर संबोधित करते हुए ओपी चैधरी का फोटो भी भेंट किया।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के समस्त विभागों के पदाधिकारियों एवं जिला स्तर के संगठन पदाधिकारियों की बैठक रायपुर में आहूत किया गया। महासंघ के प्रांताध्यक्ष कौशलेष तिवारी ने बताया कि वित्त मंत्री से मुलाकात बहुत ही साकारात्मक रही। उन्हें वर्षो पुरानी नियमितिकरण की मांग को जल्द पूरा करने हेतु अवगत कराया है। साथ ही हमारे संघर्ष के समय पूरी दृढ़ता से हमारे साथ खड़े युवाओं के प्रेरणा स्रोत ओपी चैधरी को धन्यवाद स्वरूप फोटो भी उपलब्ध भी कराया। महासंघ जल्द ही मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु महासम्मेलन करने का प्रस्ताव भी रखा है। इससे पहले महासंघ ने सभी संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों व अन्य संगठन प्रमुख की बैठक कर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर मुंगेली जिले से तारकेश्वर साहू संगठन सचिव, संजय सोनी, विजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, टेक लाल पाटले मीडिया शेख मुश्ताक मुस्तकीम संगठन मंत्री सुदेश यादव जिला राजनांदगांव प्रबंधन डॉ. अमित मिरी जांजगीर चांपा, डॉ. रवि दीक्षित, तिलक साहू बलौदा बाजार, पूरन दास बेमेतरा, संगीता नाग, विरेन्द्र साहू नारायणपुर, शकुंतला एक्का रायगढ़, हरिचरण साहू, राहुल चैबे, विद्युत विभाग डॉ. देवकांत चतुर्वेदी बस्तर, दीपक वर्मा, उत्तम सोनी कांकेर, अशोक सिंह रायपुर, डॉ. ओमप्रकाश धमतरी, प्रदीप शर्मा, सूरज देव सरगुजा, करण कुमार कोंडागांव, विजय यादव बलरामपुर, संजय तिवारी बेमेतरा, हितेश कुमार, रामगोपाल खूंटे महासमुंद सहिंत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित हुए।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में झिली ने हासिल किया पहला स्थान

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में शालेय वार्षिकोत्सव का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। उद्घाटन दिवस के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष पार्षद पंकज कंकरवाल व विशिष्ट अतिथि बोईरदादर क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि महेश शुक्ला रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश डेनियल ने की। प्रथम दिवस बच्चों के विविध आयोजनों में तात्कालिक भाषण,गायन, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य एकल व युगल तथा निबंध प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया और समापन दिवस में रायगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने इन बच्चों को अपने मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिका बाखला ने छात्रों से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारें और जीवन में आगे बढ़ें। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक संचालक केके स्वर्णकार, विद्यालय के प्राचार्य राजेश डेनियल उपस्थित रहे। फैंसी ड्रेस में झिली राऊत प्रथम शाहीन शाहनवाज द्वितीय, गायन में दीपाली प्रथम, आकांक्षा चावले द्वितीय, एकल डांस में झिली रॉउत प्रथम, युगल नृत्य में बरखा, लिशा प्रथम, सीमा नगेशिया व साथी द्वितीय, तात्कालिक भाषण में आकांक्षा चावले प्रथम, पूजा यादव द्वितीय, निबंध में पूजा यादव प्रथम, पूजा साहू द्वितीय, नाटक में आरती ,पूजा व उनके साथी प्रथम स्थान पर रहे। नृत्य निर्देशन के प्रभार का निर्वहन करते हुए विद्यालय की शिक्षिकाएं शारदा प्रधान, आशा पटेल व मेरी तिग्गा ने अपनी मेहनत से बच्चों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन करवाए। नाटकों के मंचन के निर्देशन में व्याख्याता रश्मि वर्मा, साहित्यिक गतिविधियों की तैयारी में व्याख्याता रमेश शर्मा, गायन की तैयारी के निर्देशन में व्याख्याता वसुंधरा पांडेय, शैलेंद्र कुमार नन्दे, फैंसी ड्रेस तैयारी के निर्देशन में शारदा प्रधान, आशा पटेल, ममता पटेल, दीपिका ठाकुर, नीलम पटेल इत्यादि शिक्षिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

मुधमक्खियों के हमले से दो ग्रामीणों की मौत

अंबिकापुर। जिले में बीते 24 घंटे के अंदर अलग-अलग जगह पर मधुमक्खियों के हमले में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो हुई है। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने बताया कि ग्राम रामपुर अम्बिकापुर निवासी राम बाई पति श्याम लाल 53 वर्ष शनिवार की दोपहर खेत की ओर बकरी चरा रही थीं। इस दौरान मधुमक्खियों ने उस पर हमला किया। इससे वह बेहोश हो गईं। मामले की जानकारी परिजन को हुई तो, उन्होंने घायल को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र रामपुर में भर्ती किया। यहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही इसी प्रकार अन्य घटना लखनपुर के ग्राम बेलदगी हुई। यहां एक बुजुर्ग के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला किया और उसकी मौत हो गई। 65 वर्षीय रामहित सिंह पैकरा दोपहर को खेत की ओर गए थे। इस दौरान मधुमक्खियों ने उसे काट लिया। परिजन ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

योजनाओं में प्रगति लाने एक सप्ताह की सीईओ ने दी मोहलत

रायगढ़/नवप्रदेश। शासकीय योजनाओं के प्रगति के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करने सीईओ जिला पंचायत जितेंदर यादव धरमजयगढ़ विकासखंड पहुंचे। यहां उन्होंने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक के सभी पंचायत स्टाफ की बैठक लेकर यहां चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया और काम में कमजोर प्रदर्शन करने वालों को एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत यादव ने विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम जनमन और स्वच्छ भारत योजना के कार्यों की पंचायत वार जानकारी ली। सीईओ यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों को मिलना चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करने, जो योजना से लाभान्वित नहीं हो सके हैं, उन्हें चिन्हांकित कर लाभान्वित करना है। इस कार्य को पूरी गंभीरता से किया जाए, जिससे योजना के लक्ष्य को तय समय सीमा में हासिल किया जा सके। सीईओ यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत अगले दो दिनों में पंचायत सचिव स्तर से डाटा संधारण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत केसीसी कार्ड निर्माण में तेजी लाने की बात उन्होंने कृषि और अपेक्स बैंक के विभागीय स्टाफ से कही। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, जियो टैगिंग कार्य की भी जानकारी ली। सीईओ यादव ने कार्य की समीक्षा के दौरान शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन उत्कृष्ट तरीके से करने पर तीन गांवों के पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आयोजन — शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों ने जाना

अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में अब तक जिले के 87 ग्रामों में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें 01 लाख 06 हजार से अधिक लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान 896 स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित विशिष्ट अतिथिगण भी शामिल हुए।

शिविर में 36 हजार 364 लोगों का स्वास्थ्य स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 22 हजार 858 लोगों का टीबी स्क्रीनिंग एवं 14 हजार 487 लोगों का सिकलसेल स्क्रीनिंग किया गया और जरूरतमंदों को आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। इसके साथ शिविर में 728 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। 02 हजार 252 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। 552 लोगों ने सुरक्षा बीमा योजना एवं 309 लोगों ने जीवन ज्योति बीमा योजना, 79 लोगों ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में 87 हजार 667 लोगों द्वारा भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। 2306 महिलाओं, 4186 विद्यार्थियों, 744 खिलाड़ियों और 820 स्थानीय कलाकारों को विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 07 हजार 327 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना सुखद अनुभव भी साझा किया। धरती कहे पुकार में 87 और क्विज में 968 लोगों ने भाग लिया। 1455 लोगों का मेरा भारत के तहत वॉलिंटियर के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। 21 किसानों के खेत में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव और 65 मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदर्शन किया गया। शिविर के दौरान नेचुरल फार्मिंग के लिए 71 किसानों से सम्पर्क किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 08 जनवरी को जिले के मुंगेली ब्लाक के ग्राम सेतगंगा तथा सिंगारपुर, पथरिया ब्लाक के ग्राम मदकू तथा चंदखुरी और लोरमी ब्लाक के ग्राम खैरवार खुर्द तथा दाउकापा में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जाएगी।

चिकित्सा दिवस में किया योग

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा षष्ठम् प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में 31 जनवरी तक कौन बनेगा स्वास्थ रक्षक' अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

सूर्या फाउण्डेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं नेशनल इंस्टिट्यूटस ऑफ नेचुरोपैथी आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन पश्चात दैनिक प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर द्वारा योग के महत्व को बताते हुए बैठकर, खड़े होकर तथा पेट-पीठ के बल करने वाले योग को सामूहिक रूप से करवाया गया।

संस्था के व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर ने कहा कि आज के भागदौड़ में सभी को स्वस्थ रहने के लिए थोड़ा सा भी समय निकालकर प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के साथ-साथ नशापान एवं मांसाहार को छोड़कर संतुलित आहार को अपनाने की आवश्यकता है। उपस्थित सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने योग किया तथा सभी ने स्वास्थ रक्षक बनने का संकल्प लिया।

सूचना के अधिकार नियम की धज्जियां उड़ा रहे आदिवासी सहायक आयुक्त

जीवन एस. साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग में सूचना का अधिकार का आवेदन लगाया था। आवेदन में जो जानकारी मांगी गई वह स्पष्ट है, जो बिन्दु है उसी के अनुसार जवाब मांगा गया था। उसे प्रभारी सहायक आयुक्त ने एक लाइन में जवाब भेज दिया कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी अस्पष्ट है। जबकि पांच विषय पर पांच पृथक-पृथक आवेदन लगाए गए थे। निर्माण एवं विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है, का कब प्रकाशन हुआ। जिसका ई-मेल नेट से भेजी जाती है, या डाक से भेजी जाती है, क्या आपके कार्यालय में नेट की सुविधा सुचारू रूप से संचालित है या नही ?, दूसरा आवेदन- वर्ष 2023-2024 में निविदा कौन-कौन समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है ?, तीसरा आवेदन- वर्ष 2023-2024 में कितने हॉस्टल, आश्रमों का जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, तथा निविदा कौन-कौन से समाचार पत्रों में प्रकाशित किया है की जानकारी चाही गई ?, चौथा आवेदन- वर्ष 2023-2024 में अधोसंरचना मद में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई और क्या-क्या कार्य कराए गए हैं और पांचवा

आवेदन- डी.एम.एफ. (जिला खनिज न्यास) से वर्ष 2023-2024 में कुल आंबटन राशि प्राप्त हुआ है की जानकारी चाही गई थी किन्तु प्रभारी सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) गरियाबंद ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 का धज्जियां उड़ाते एक पंक्ति का जवाब दो टूक जवाब भेजा है कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी अस्पष्ट है। यह कि उक्त निर्माण कार्यो में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है।

गौरतलब है कि आदिवासी विकास विभाग में पदस्थ सहायक आयुक्त इन दिनों चर्चा में है, क्योंकि उनका मूल पद संयुक्त कलेक्टर है। जिसे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद में पदस्थ बी.के. सुखदेवे के निलंबन के बाद तात्कालीन कलेक्टर ने प्रभार दिलाया था। वर्तमान में उनका कार्यकाल 10 माह से अधिक होने जा रहा है। गौरतलब है कि उक्त कार्यालय में करोड़ों की राशि से विभिन्न मदों में विकास कार्य किये जाते हैं, इसलिए यह पद दुधारू गाय मानी जाती है। करोड़ों की बजट राशि को देखकर प्रभारी सहायक आयुक्त ने विकास और निर्माण कार्य में ऐसा बंदरबाट किया कि विभाग के सारे नियम कानून व मापदंड को किनारे कर दिया गया।

गरियाबंद वनवासी आदिवासी आंचल है। इसमें 3 ब्लाक गरियाबंद, मैनपुर एवं छुरा अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण आश्रम, हास्टल, क्रीड़ा परिसर, स्कूल भवन के अलावा अन्य निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाते हैं। इसके लिए शासन करोड़ों रुपए आवंटित करती है।

न्यूज गैलरी

एक लक्ष्य बनाकर करें पढ़ाई : साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नन्हें बच्चों की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के कई टिप्स बताए। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें समय का सदुपयोग करें, पढ़ाई पर ध्यान दे। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। मुझे विद्यालय परिवार ने याद किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ और मै क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करुंगा और हर दुखसुख में हमेशा साथ रहुगा। इस दौरान संस्था के प्राचार्य तिवारी, ताराचंद महेश्वरी, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, निखिल साहू, परमेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर जनदर्शन में मिले दिव्यांग बच्चे

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान जनचौपाल के माध्यम से लोगों से मिलकर उनके समस्याओ से रूबरू हुए। इसके साथ ही प्रांजल स्कूल सारंगढ़ के मंदबुद्धि और दिव्यांग बच्चों से मिलकर और चाकलेट प्रदान कर उनसे उनका हालचाल पूछा। कलेक्टर ने आवेदकों से आवेदन में जिक्र मांग, शिकायत, सुझाव को विस्तार से पूछा एवं निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जनचौपाल में 51 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, संपत्ति बंटवारा, वृध्द पेंशन, नकल संबंधी समस्या, वन अधिकार पट्टा, आधार अपडेशन, वारिसान पंजीयन, शौचालय निर्माण, मुआवजा की राशि दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी उपस्थित थीं।

24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। धनसीर में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023-24 अंतर्गत 24 कुंडीय राष्ट्रीय जागरण अभियान के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में उज्ज्वल भविष्य एवं नवयुग के नूतन निर्माण के लिए नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023-24 अंतर्गत ऋषियुग्म आराध्य गुरुसत्ता वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म सरंक्षण में गायत्री प्रज्ञा पीठ धनसीर में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 5 से 8 जनवरी तक आयोजन किया गया था। पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ग्राम धनसीर के गायत्री प्रज्ञा पीठ में 29 दिसंबर सन् 1981 को गुरुदेव ने वेदमाता गायत्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इसके पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ दिवस को ध्यान साधना,प्रज्ञायोग एवं विविध संस्कार परंपरा, गायत्री महायज्ञ , एवं संगीत प्रवचन, कार्यकर्ता गोष्ठी, दीप यज्ञ , वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी के न्यूनतम संकल्प के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। गायत्री परिवार के परिजनों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया था। शास. उच्च. माध्य. विद्या. धनसीर के स्काउट गाइड सहित 120 छात्रों ने सहयोग किया।

मजदूर संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के नए कलेक्टर कुणाल कुदावत से आज जिले के मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यलय पहुँच कर

गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मजदूरों के हित में शासन द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के लाभ दिलाने का आग्रह किया गया। जिस पर जिला कलेक्टर ने मजदूर संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हए कहा कि जिला प्रशासन का प्राथमिक प्रयास शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना है। इस दौरान मजदूर संघ जिलाध्यक्ष संजय लाला ,ब्लॉक अध्यक्ष मंगू सोरी, नीर कोर्राम,भुवन मार्कण्डेय, मुन्ना कोर्राम,कलाम खां, सहित अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

विधायक लता उसेंडी से मिला कोंडागांव पेंशनर्स संघ

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी से छ ग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव के अध्यक्ष प्रज्ञापुत्र वैद्य, एसपी विश्वकर्मा सृजेता एवं पेंशनर्स पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मुलाकात की। उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दी।सुश्री लता उसेंडी ने लड्डू खिलाकर पेंशनरों का स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान पेंशनर पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कोंडागांव पेंशनर भवन में पधारने का आग्रह किया। प्रतिमाह 11 एवं 27 तारीख को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भवन में पेंशनरों की बैठक शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित होती है। सभी पेंशनर्स साथी भी आपसे मुलाकात करने इच्छुक हैं। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर आने की पहले सूचना देने की बात कही। इस दौरान संरक्षक जीजी देवांगन, उपाध्यक्ष एस एस ठाकुर, सहसचिव पी पी गोंडाने, नासिर अली ,आर.सी सेठिया, संग्राम सिंह यादव सहित अन्य पेंशनर मौजूद थे।

मोदी ने देखा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक दीपेश साहू नगर पंचायत बेरला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। इस शिविर में शामिल होने वाले हितग्राही अपनी खुशियों की कहानी खुद बयान कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं के माध्यम से बना पक्का घर, शौचालय और गैस सैलेण्डर जैसी कई जरूरी सुविधाएं मिल रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा हैं। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती हैं, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरा कर रहे हैं। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनायेगी तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे हैं, इसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध हैं जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव

प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की। इस मौके पर विधायक ने सभी अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुड़कर लाभान्वित हो सकें। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, संध्या परगनिहा, मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल, संजीव तिवारी, पुष्पा साहू, डोमेन्द्र राजपूत, राजू देवांगन, शिवझड़ी सिन्हा, लक्ष्मीलता वर्मा, निखिल साहू, तुषार साहू सहित भाजपा नेतागण व आमजन उपस्थित रहें।

केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा ने की बैठक

बालोद/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय में जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। साथ ही लोगों के बीच प्रचार-प्रसार कैसे किया जाना है, इसकी सभी सदस्यों को जानकारी दी गई। बैठक में जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के संभाग प्रभारी यूनुस कुरैशी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी हमीद शाह, रिजवान पटवा, लोकेश श्रीवास्तव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला सहित शरद ठाकुर, राजीव रिंकू शर्मा,आरिफ खान, हाजी सलीम तिगाला, कासिम कुरैशी,मुस्ताक खान, इमरान अहमद, जावेद तिगाला, राजू भंसाली, नरेंद्र लुंकड़, मेहबूब खान, रमेश दोशी, वसीम तिगाला, पलाश गुप्ता सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी सदस्य उपस्थित थे।

खैरागढ़ विश्वविद्यालय, सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना जारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेंडर के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश और शुल्क जमा करने संबंधी तिथियों की सूचना जारी कर दी गई है।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की प्रभारी कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार द्वारा जारी सूचना के अनुसार इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त सम सेमेस्टर अंतर्गत पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 2 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक (बिना विलंब शुल्क के) तथा विलंब शुल्क के साथ 16 जनवरी 2024 से 24 जनवरी 2024 तक प्रवेश लिया जा सकता है। उक्ताशय की सूचना 5 जनवरी 2024 को जारी की गई है।

राज्यपाल से सौजन्य भेंट करने पहुंचीं कुलपति डॉ. ममता चंद्राकर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन से 7 जनवरी 2024 को राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर ने भी सौजन्य भेंट की। उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते महामहिम की धर्मपत्नी तथा प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन निजी प्रवास पर खैरागढ़ पहुंचीं थीं। इस दौरान भी कुलपति डॉ. चंद्राकर ने श्रीमती हरिचंदन से भेंट की। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार भी उपस्थित थीं।

बेरला बना कचरा मुक्त शहर

बेमेतरा/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शहर में स्वच्छता की स्थिति को परखने अनेक मानकों पर प्रति वर्ष मूल्यांकन किया जाता है। इस वर्ष भी शहर में जीएफ़सी (कचरा मुक्त शहर) स्टार रेटिंग ओ.डी.एफ़ (खुले में शौच मुक्त) प्लस तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग हेतु भारत सरकार की टीम के द्वारा मूल्यांकन किया गया । जिसमें नगर पंचायत बेरला का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। निकाय को भारत सरकार द्वारा ओडीएफ़ प्लस तथा जीएफ़सी में स्टार रैंकिंग प्राप्त होने से शहर में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बेरला नगर के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर

पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे एवं उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू ने नगर वासियों को बधाई दी तथा स्वच्छता के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और सहयोग प्रदान करने अपील भी की। नगर पंचायत बेरला के इस परिणाम का श्रेय मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे ने शहर के नागरिकों, महिला स्व सहायता समूहों, स्वच्छता दीदियों तथा सफाई में संलग्न स्वच्छता प्रभारियों को दिया और बताया कि पिछले एक वर्ष से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता में नागरिकों को जोड़ने अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा प्रत्येक वार्ड में लगातार विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा हैं। जिसे नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर वनीष दुबे ने टीम गठित कर नोडल अधिकारी श्री मयंक राठौड़ के मार्गदर्शन में सख्ती से पालन करने निर्देशित किया है जिसकी प्रतिदिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया जाता हैं। उक्त परिणाम में छत्तीसगढ़ के 169 निकायों में 45 निकायों को जीएफ़सी स्टार रैंकिंग में सफलता हासिल हुई हैं तथा बेमेतरा जिलें के 8 निकायों में केवल 3 निकायों जिसमें नगर पंचायत बेरला, नगर पालिका परिषद बेमेतरा एवं नगर पंचायत साजा को सफलता मिली हैं। सर्वेक्षण का परिणाम आना अभी बाकि है जिसमें नगर पंचायत बेरला को उत्कृष्ट परिणाम की उम्मीद हैं।

हेमंत को मिला जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम स्थान

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ का आयोजन पंडित चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में किया गया। इस प्रतियोगिता में विकास खंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्राथमिक शाला , उच्च प्राथमिक शाला व हाई,हायर सेकेंडरी स्तर के 18 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी।प्रतियोगिता का आरंभ जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल.देवांगन जिला मिशन समन्वयक एम.एल.ब्राह्मणी, सहायक संचालक के.एस.मरावी,बी.आर. पटेल एवं के.के.गुप्ता के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा का पूजा

अर्चना कर किया गया। इसके बाद 6 ब्लाकों से आए शिक्षक प्रतिभागियों के द्वारा अपना-अपना टी एल एम कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक के रूप में बलविंदर सिंह प्राचार्य चक्रपाणि शुल्क आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर विद्यालय बलौदाबाजार, नारायण प्रसाद साहू प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार एवं श्रीमती पार्वती वर्मा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा निर्णायक की भूमिका में रहे। जिसमें हेमंत कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी संकुल परसाडीह विकास खंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलागढ़ को प्रथम स्थान मिला। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम समन्वयक मनहरण लाल साहू, जहीर अब्बास, खिलावन वर्मा एवं अरुण वर्मा द्वारा प्रतियोगिता में आए सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भविष्य में इस प्रकार के नवाचारी गतिविधियों द्वारा बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रोत्साहित किया गया । हेमन्त कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी को जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम पुरस्कार मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू, वि.खं.श्रोत समन्वयक रात्रे सर,संस्था प्रमुख शास.प्राथ. शाला मड़कड़ी से प्रधान पाठक राजकुमार वर्मा शिक्षक संतोष कुमार साहू विजय देवांगन चूरामणि साहू,परदेसी लाल दिव्य,संकुल समन्वयक अशोक साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष उदासी राम आदित्य, समिति के सभी सदस्य,गाँव वाले व मित्रों के द्वारा हेमंत कुमार श्रीवास की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

स्कूल ऑटो गाय से टकराई 18 बच्चे थे सवार

कोंडागांव/नवप्रदेश। बच्चों से भरी ऑटो ने गाय को टक्कर मारी। इसमें भैंस का पड़वा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसमें दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक उपचार चल रहा है । ग्राम बांसकोट में आत्मानंद स्कूल संस्थान की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। जहां एक ओडिशा के ऑटो क्रमांक ओडी 24 ई 5547 में 18 बच्चों को ठूंस ठूंस कर बैठाया गया था। 15 किलोमीटर का सफर करके आत्मानंद स्कूल बांसकोट जा रहे थे। इसी बीच ग्राम बांसकोट में एक मोड़ पर सुबह 8 बजे ऑटो गाय से चकरा गई। इसमें ऑटो सवार बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे में आधा दर्जन बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। जिनका प्राथमिक उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक भैंस का पड़वा घटनास्थल पर ही मर गया।

स्कूल भवनों के संधारण कार्य में अनियमित्ता

- 978 स्कूल भवनों में कार्य होना था
- स्तरहीन सुधार कार्य

बालोद/नवप्रदेश। जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। वहीं इस योजना के तहत स्कूल भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके लिए 62 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई थी। इन स्वीकृत राशि से जिले के 978 स्कूल भवनों में कार्य होना था। कई स्कूलों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन विभाग के जिम्मेदारों की गैरजिम्मेदाराना रवैया से

स्कूलों के मरम्मत कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। स्कूलों के मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण में गड़बड़ी की जा रही है। पिछले वर्ष कांग्रेस शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष बनाने आदेश जारी किया गया था। कई स्कूलों में कार्य जारी है जबकि कई स्कूल ऐसे हैं। जहां कार्य शुरू तक नहीं किया गया है। जबकि विभागीय जानकारी के अनुसार आने वाले 31 मार्च तक जिले के इन 978 स्कूल भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश उच्च कार्यालय से प्राप्त हुआ है।

स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोद्धार सहित अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग आरईएस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के कई स्कूलों की मरम्मत कार्य पर लापरवाही बरती गई है। स्कूलों की मरम्मत करने के नाम पर स्तरहीन कार्य कर लाखों रुपये का बंदरबांट किया गया है। जिम्मेदार विभाग स्कूलों में मरम्मत कार्य की जांच करने के बजाए मौन हैं।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी से भी संपर्क किया गया लेकिन वे मीटिंग में होने और बाद में बात करने की बात कही।

राशि के अभाव में काम बंद

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 62 करोड़ 45 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है लेकिन 20 करोड़ 42 लाख रुपए ही आया है जबकि बाकी के राशि अप्राप्त है।

विभाग के रिकॉर्ड में 577 स्कूल का कार्य पूर्ण

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के रिकॉर्ड पोर्टल में अब तक 577 स्कूल भवनों का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग 378 स्कूलों का और आरईएस विभाग करीब 350 स्कूलों का कार्य पूर्ण होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में स्कूलों की मरम्मत कार्य पूर्ण होने की बात पर दोनों ही विभाग द्वारा बताए गए आंकड़ों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

> वहीं आरईएस विभाग के कार्यपालन अभियंता आर के खोबरागड़े ने बताया कि राशि ही नहीं मिली है तो ठेकेदार कैसे काम करेंगे। कई स्कूलों का कार्य पूर्ण हो चुका है और कई स्कूलों का काम बंद है। जिसका मुख्य कारण राशि अप्राप्त होना है।
>
> **आरके खोबरागढ़े**, कार्यपालन अभियंता आरईएस विभाग

टी-20 में कप्तान रोहित और विराट की वापसी, राहुल बाहर

मुंबई। अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से मोहाली में शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की 14 महीने बाद सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी हुई है। रोहित फिर से टी20 टीम की कमान संभालने जा रहे हैं।

रोहित और कोहली ने आखिरी टी20 मैच टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खेला था। दोनों ने कुछ समय पहले टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलने की ख्वाहिश जताई थी, जिसका आयोजन एक जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। टी20 वर्ल्ड कप से पहले अफगानिस्तान सीरीज भारत की आखिरी टी20 इंटरनेशनल सीरीज है। बता दें कि भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला मैच 11 जनवरी को मोहाली, दूसरा 14 जनवरी को इंदौर जबकि तीसरा 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा। भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव , अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

आईपीएल जैसे डीपीएल में दिव्यांग क्रिकेटर दिखाएंगे अपना जौहर

भोपाल। क्रिकेट के दीवानों के लिए आईपीएल सबसे ज्यादा लुभावना क्रिकेट टूर्नामेट होता है। इसी तर्ज पर दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए तीन दिवसीय दिव्यांग प्रीमियर लीग (डीपीएल) का आयोजन मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर में होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुनर देखने को मिलेगा। सतना के मैहर के उस्ताद अलाउदीदन स्टेडियम में आठ से 10 जनवरी तक चलने वाले डीपीएल टूर्नामेंट में चार प्रमुख टीमें इंदौर, भोपाल, रीवा और ग्वालियर हैं।

दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन, मध्यप्रदेश और मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान के इस संयुक्त आयोजन में हिस्सा लेने वाली टीमों में देश-विदेश के नामचीन दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं। इनमें प्रमुख खिलाड़ी चिराग गांधी, कैलाश प्रसाद, बृजेश द्विवेदी, सूरज मनकेले, जे.पी. सिंह, राजू कर्मकार, माखन सिंह राजपूत, अंकित सिंह बघेल, रामबरन यादव, निखिल मेवाड़ा, सैयद शाह अजीज और नियाज खान हैं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी महान क्षेत्ररक्षक : सुनील गावस्कर

नई दिल्ली। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीनियर जोड़ी के होने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि ये जोड़ी अभी भी महान क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर उनसे काफी मदद मिलेगी।

ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में 2022 पुरुष टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड के हाथों दस विकेट से हार का सामना करने के बाद विराट और रोहित दोनों ने कोई टी20 मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज और यूएसए में 1-29 जून तक होने वाले 2024 टी20 विश्व कप के साथ, यह देखना बाकी है कि इस मेगा इवेंट के लिए इन दोनों को भारतीय टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं।विराट 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता, जबकि रोहित ने बल्ले से पावर-प्ले में टीम को तेज शुरुआत दी और ऑस्ट्रेलिया से फ़ाइनल हारने से पहले उन्हें प्रतियोगिता में लगातार दस जीत दिलाई।कोहली का फॉर्म पिछले डेढ़ वर्षों में शानदार रहा है। उन्होंने 2023 विश्व कप में अविश्वसनीय रूप से खेला, 3 शतकों के साथ 750 रन बनाए। इसलिए उनकी सीमित ओवरों की बल्लेबाजी के बारे में कोई संदेह नहीं है। लेकिन जो बात मुझे अच्छी लगती है वह उनकी क्षेत्ररक्षण क्षमता है। गावस्कर ने ब्रॉडकास्टर्स स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी महान क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर बहुत मदद करेंगे।इसी तरह के विचार बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने भी व्यक्त किए, जो 2007 पुरुष टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य थे। व्यक्तिगत रूप से, मैं विराट को मैदान पर देखना पसंद करूंगा क्योंकि जब हम दो साल पहले की बात करते हैं, तो निश्चित रूप से वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। लेकिन पिछला आईपीएल और टी20 विश्व कप उनके लिए सबसे अद्भुत टूर्नामेंटों में से एक थे।इसके अलावा, जब आप वेस्ट इंडीज और यूएसए जैसे देशों में खेल रहे हैं, तो वहां काफी अज्ञात पिचें हैं, और यहां आपको मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की आवश्यकता होगी।

पथुम निसंका जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से हुए बाहर

कोलंबो। श्रीलंका को एक अप्रत्याशित झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका को डेंगू के संदिग्ध मामले के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होना पड़ा। उनकी बीमारी की गंभीरता बहुत अधिक है, जिससे संभावित रूप से उन्हें अगले तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर कर दिया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इलाज के लिए निसंका के अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा किया, जिससे बेहद प्रतीक्षित प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी पर संकट मंडरा रहा है।

जारी एक बयान में कहा गया, पथुम निसंका को संदिग्ध डेंगू संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तदनुसार, खिलाड़ी को आगे के प्रबंधन के लिए भर्ती किया जाता है और वह जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

एक रणनीतिक कदम में, 19 वर्षीय, एक होनहार प्रतिभा जिसके पास एकमात्र टी20 है, निसंका के प्रतिस्थापन के रूप में मैदान में कदम रखता है। सलामी बल्लेबाज के रूप में डेनियल की क्षमता के बावजूद, बल्लेबाजी लाइनअप में अविष्का फर्नांडो और कप्तान कुसल मेंडिस की मौजूदगी से शनिवार को पहले वनडे के लिए अंतिम एकादश में उनका स्थान अनिश्चित हो गया है। श्रीलंका के 2023 एकदिवसीय अभियान में एक दुर्जेय ताकत निसंका के बाहर होने से टीम को दुख है। 44.26 की औसत और 87 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 1151 रन, वह बल्लेबाजी क्रम में एक निर्णायक के रूप में खड़े रहे। जिम्बाब्वे के खिलाफ, चार पारियों में उनका औसत 82.33 तक बढ़ गया, जिससे उनकी अनुपस्थिति में पैदा हुआ शून्य बढ़ गया। इन क्रिकेट द्वंद्वों के लिए युद्ध का मैदान खेतारामा में खुलेगा, जिसमें तीनों एकदिवसीय और आगामी टी20 इस प्रतिष्ठित स्थल की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

शादलौई, गौरव ने पुनेरी पल्टन को तमिल थलाइवाज पर 29-26 से रोमांचक जीत दिलाई

मुंबई। पुनेरी पल्टन ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के मैच में रोमांचक मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 29-26 से हरा दिया। मोहम्मदरेज़ा चियानेह शादलौई (5 टैकल पॉइंट और 3 रेड पॉइंट) और गौरव खत्री (6 टैकल पॉइंट) पुनेरी पल्टन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, जबकि तमिल थलाइवाज के कप्तान सागर (7 टैकल पॉइंट) उनके स्टार परफॉर्मर थे। शुरुआती 20 मिनट में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। नरेंद्र ने मैच की शुरुआत में सुपर रेड मारकर तमिल थलाइवाज को एक स्वप्निल शुरुआत दी और पुनेरी पलटन को तुरंत बैकफुट पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जैसे-जैसे हाफ आगे बढ़ा, दोनों टीमों ने बढ़त बना ली और कोई भी कार्यवाही पर नियंत्रण नहीं कर पाई, क्योंकि दोनों ने रक्षात्मक रुख अपनाया।रणनीतिक रूप से पहला हाफ पुनेरी पल्टन के 12-11 से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। यह पूरे सीज़न में टीम द्वारा बनाए गए अंकों की सबसे कम संख्या थी। तमिल थलाइवाज ने हाफ की शुरुआत सुपर टैकल से की, जब सागर और हिमांशु ने मोहित गोयत को फंसाया।

बोर्ड पर स्कोर पर्याप्त नहीं था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया : हरमनप्रीत

नवी मुंबई। दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार झेलने के बाद भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने बल्ले से जो स्कोर बनाया वह पर्याप्त नहीं था, लेकिन उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की सराहना की। डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के गेंदबाजों के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन मात्र 131 रन का बचाव करना आसान नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 19वें ओवर में यह लक्ष्य हासिल किया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि स्कोर बोर्ड पर पर्याप्त नहीं था, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम इसे 19वें ओवर तक ले गए, यह बड़ी बात है। पहले मैच में हमने मानक स्थापित किए। इन मैचों में हमने अपनी फील्डिंग भी मजबूत की।

हरमनप्रीत ने यह भी उम्मीद जताई कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों से युवाओं को बेहतर प्रदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, हमें मौके मिल रहे थे, हम विकेट ले रहे थे और यह अच्छी बात है। हालांकि स्कोर कम होने की वजह से हम जीत नहीं पाए। एलिस पैरी का यह 300वां अंतर्राष्ट्रीय मैच भी था। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली श्रृंखला के शुरुआती मैच में हारने के बाद अपनी टीम की जीत से खुश थी और उन्होंने चार ओवरों में 2-27 के स्पैल के लिए तेज गेंदबाज किम गर्थ की सराहना की। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज का निर्णायक मुकाबाल मंगवलार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

बिजनेस

म्यूचुअल फंड AUM पहली बार 50 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। दिसंबर 2023 में म्यूचुअल फंड का टोटल एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) पहली बार 50 लाख करोड़ के पार हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) की रिपोर्ट के मुताबिक, एक महीने पहले नवंबर में म्यूचुअल फंड का 49.04 लाख करोड़ था, जो दिसंबर में 3.53त्न बढ़कर 50.77 करोड़ हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो 9त्न बढ़कर 16,997 करोड़ रहा। वहीं, इस दौरान स्मॉलकैप फंड में 3,858 करोड़ का नेट इन्वेस्टमेंट किया गया है, जबकि मिडकैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 48त्न की गिरावट आई है। इसके अलावा पिछले महीने लार्जकैप फंड्स से 281 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की गई है। लार्ज कैप, फोकस्ड फंड और श्वरुस्स फंड को छोड़कर अधिकांश कैटेगरी में निवेश हुआ है।लार्ज कैप फंड्स में दिसंबर में 280.94 करोड़ रुपए निकाले गए हैं, जबकि नवंबर में 306.70 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।मिडकैप फंड्स में दिसंबर में 1,393.05 करोड़ रुपए निवेश किए गए हैं, जबकि नवंबर में 3,699.24 करोड़ रुपए निवेश हुआ था। स्मॉलकैप फंड्स में दिसंबर में 3,857.50 करोड़ रुपए निवेश किए गए हैं, जबकि नवंबर में 3,699.24 करोड़ रुपए निवेश हुआ था।मल्टीकैप फंड्स में दिसंबर में 1,851.87 करोड़ रुपए का फंड आया है, जबकि नवंबर में 1,713.1 करोड़ रुपए का फंड आया था।फंड्स से दिसंबर में 313.50 करोड़ निकाले गए हैं, जबकि नवंबर में 104.40 रुपए निवेश हुआ था। डेट म्यूचुअल फंड से निकाले गए 75,559.93 करोड़ दिसंबर में डेट म्यूचुअल फंड से 75,559.93 करोड़ निकाले गए हैं, जबकि नवंबर में 4,706.75 करोड़ निकाले गए थे। लो ड्यूरेशन वाले फंड से 9,432 करोड़ निकाले गए हैं, जिसका नवंबर में आउटफ्लो 967.79 करोड़ था। वहीं, शॉर्ट ड्यूरेशन फंड्स में 595.20 करोड़ का इनफ्लो आया है, नवंबर में इसमें 413.75 करोड़ का इनफ्लो था। हाइब्रिड फंड कैटेगरी में दिसंबर में 10.87% इनफ्लो बढ़ गया है। दिसंबर में इस कैटेगरी में टोटल 15,009.30 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जबकि नवंबर में 13,538.05 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

2 महीने की तेजी के बाद बाजार में मुनाफा

नई दिल्ली। चीन ने मिश्रित विनिर्माण डेटा जारी किया, जिसके बाद घरेलू शेयर बाजारों को एशियाई प्रतिस्पर्धियों की तुलना में नरम रुख मिला। बंद के समय सेंसेक्स 379.46 अंक गिरकर 71,892.48 पर था, जबकि निफ्टी 76.10 अंक गिरकर 21,665.80 पर था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, पूरे सत्र के दौरान निफ्टी नकारात्मक क्षेत्र में रहा। खेमका ने कहा कि सेक्टर के लिहाज से यह मिश्रित स्थिति रही और फार्मा, तेल एवं गैस तथा धातुओं में खरीदारी देखी गई। वैश्विक बाजार यूएस एसएंडपी विनिर्माण डेटा पर प्रतिक्रिया देंगे जो मंगलवार को जारी किया जाएगा। घरेलू मोर्चे पर बाजार में लगातार दो महीने की तेज तेजी के बाद जनवरी में मुनाफावसूली देखी जा रही है।

बिन्नी बंसल ने अपना ई-कॉमर्स स्टार्टअप ओप्पडोर लांच किया

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल एक नया स्टार्टअप ओप्पडोर लेकर आए हैं, जो ई-कॉमर्स कंपनियों को एंड-टू-एंड समाधान प्रदान कर वैश्विक स्तर पर परिचालन का विस्तार करने में मदद करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में ये बात कही गयी।फाइलिंग के अनुसार, कंपनी सिंगापुर में पंजीकृत है और इसकी स्थापना मई 2021 में हुई थी। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, ओप्पडोर को पहले थ्री स्टेट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।ओप्पडोर सबसे पहले अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, सिंगापुर, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ई-कॉमर्स बिज़नेस को टारगेट करेगा।रिपोर्ट में कहा गया है कि वेबसाइट पर अभी तक भारत का उल्लेख नहीं है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, ओप्पडोर सेवाओं का एक व्यापक समूह है। इसमें कहा गया है कि ओप्पडोर की सेवाएँ किसी ब्रांड के जन्म से लेकर उसके बाहर निकलने तक के पूरे जीवनचक्र का विस्तार करती हैं। इसलिए, हम पूरी तरह से प्रबंधित परिचालन और व्यावसायिक सलाहकार सेवाएं दोनों प्रदान करते हैं। वेबसाइट में यह भी उल्लेख किया गया है, ओप्पडोर पूरी तरह से प्रबंधित अमेज़ॅन सेवाएं प्रदान करता है जिसका मकसद वैश्विक स्तर पर कई क्षेत्रों में आपके निजी लेबल ब्रांडों का विस्तार करना है।

सैमसंग ने अपनी तकनीकी सर्वोच्चता बरकरार रखने का लिया संकल्प

सियोल। दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने नए साल के लिए अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं की घोषणा की, जिसमें तकनीकी वर्चस्व और भविष्य के परिवर्तनों के लिए अनुकूलनशीलता के माध्यम से कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। नए साल के संयुक्त संदेश में सह-सीईओ और उपाध्यक्ष हान जोंग-ही और सह-सीईओ और प्रेसिडेंट क्यूंग के-ह्यून ने प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखने के लिए सुपर-गैप प्रौद्योगिकियों की खोज सहित मूल मूल्यों पर रणनीतिक फोकस की रूपरेखा तैयार की। हम अपनी मौलिक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने को प्राथमिकता देंगे, जिसमें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स को निर्देशित करने वाले मूल मूल्य, जैसे सुपर-गैप तकनीकें भी शामिल हैं।उन्होंने अपने सिग्नेचर चिपमेकिंग व्यवसाय, जो पिछले पांच दशकों से सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में अग्रणी है, से अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ तकनीकी सीमा में सुधार और विस्तार करके अपनी स्थिति को और बढ़ाने का आग्रह किया।इसके मोबाइल, घरेलू उपकरणों और सॉफ्टवेयर डिवीजन के लिए, प्रदर्शन और गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ ग्राहक-प्रथम रणनीति पर जोर दिया गया था।दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता , पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं और जीवन शैली नवाचार जैसे भविष्य के परिवर्तनों को संबोधित करने के लिए सक्रिय उपायों का भी आह्वान किया, सोच में मौलिक बदलाव की आवश्यकता और कार्य प्रक्रियाओं में जेनरेटर एआई के अनुप्रयोग की आवश्यकता बताई।संदेश में कहा गया, हमें जेनरेटिव एआई को काम में लाकर अपने काम करने के तरीके और अपने डिवाइस अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना चाहिए। अतीत की निष्क्रिय हरित प्रतिक्रिया से आगे बढ़ते हुए हमें सोच में मौलिक बदलाव लाना चाहिए और भविष्य के ग्रीन उत्पादों की खोज करनी चाहिए।सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2023 की तीन तिमाहियों में संचयी रूप से 191.2 लाख करोड़ वॉन (147.2 अरब डॉलर) की बिक्री दर्ज की, जो एक साल पहले की तुलना में 17.5 प्रतिशत कम है।सेमीकंडक्टर की मांग में कमी के कारण उद्धत अवधि में इसका परिचालन लाभ सालाना आधार पर 90.4 प्रतिशत गिरकर 3.74 लाख करोड़ वॉन हो गया। इसके चिप डिवीजन ने पहली तिमाही में 14 वर्षों में अपना पहला वित्तीय घाटा दर्ज किया।दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निर्माता और स्मार्टफोन प्रदाता के रूप में, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के इस महीने के अंत में अपनी चौथी तिमाही की आय रिपोर्ट जारी करने की उम्मीद है।

अनन्या पांडे ने अपना हॉलिडे एल्बम किया जारी, कहा-यह रीबूट का था समय

एक्ट्रेस अनन्या पांडे, जो नए साल का जश्न मनाने के लिए यूके में थीं, ने शुक्रवार को अपना हॉलिडे एल्बम जारी किया। अनन्या अपने कथित बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। एक वायरल तस्वीर में दोनों यूके में आइस स्केटिंग का आनंद लेते दिख रहे हैं।अनन्या ने अपने हॉलिडे एल्बम में आदित्य की फोटो शेयर नहीं की।एक तस्वीर में अनन्या ने लंदन की झीलों और पक्षियों की फोटो शेयर की हैं।दूसरे स्नैप में अनन्या को लंदन के फूड्स का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। इसमें खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री, दिल के शेप की चॉकलेट की भी झलक है।एक तस्वीर में 25 वर्षीय अभिनेत्री को आइस-स्केटिंग का आनंद लेते हुए भी दिखाया गया है।पोस्ट पर लंदन का जियोटैग दिया गया और कैप्शन में लिखा, मुझे पता है कि मुझे थोड़ी देर हो गई है, लेकिन जैसा कि अहाना ने खो गए हम कहां के अंत में कहा था, यह रीबूट का समय है और हर साल कुछ संकल्प लेकर हम खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस साल मुझे उम्मीद है कि आप पूरी तरह से अपने जैसे हो सकते हैं। अनन्या हाल ही में रिलीज हुए ड्रामा खो गए हम कहां में अहाना के अपने किरदार का जिक्र कर रही थीं। अर्जुन वरैन सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं।फिल्म तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं।फैंस ने कमेंट में पूछा, तो, कैमरा मैन आदित्य हैं?एक्ट्रेस की अगली फिल्म कंट्रोल और सी. शंकरन नायर की अनकही कहानी है।

दुल्हा राजा का ट्रेलर धमाकेदार , एक ही दिन में पहुंचा एक लाख के पार

26 जनवरी को होगी रिलीज़....

दुल्हा राजा के तीन गानों के बाद उसका ट्रेलर रिलीज़ किया गया , गानों को तो खूब तारीफ़ मिली और लोग बेसब्री से ट्रेलर का इंतज़ार करने लगे थे , कल ट्रेलर के आते ही धमाकेदार शुरुवात हो गई , एक ही दिन में ट्रेलर ने एक लाख से अधिक व्यू का आँकड़ा पार कर लिया , फ़िल्म के अभिनेता राज वर्मा ने बताया सुबह से ही लोगों ने उनको सोशल मीडिया और फ़ोन के ज़रिए बेहतरीन ट्रेलर के लिए बधाई देने लगे थे , पर इंडस्ट्री के अलावा ट्रेलर के व्यूज़ ने ये साबित कर दिया है कि जनता को भी ट्रेलर बेहतरीन लगी है , साथ ही लोग इस बात से ज़्यादा उत्साहित नज़र आ रहे हैं कि काफ़ी समय बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा में पारिवारिक फ़िल्म देखने को मिलेगा ।

छत्तीसगढ़ में सिनेमा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थान अरण्य सिनेमा के बैनर तले फिल्म ÷ दूल्हा राजा ÷ का निर्माण किया गया है , जिसकी शूटिंग विगत दिनों अंचल के खूबसूरत वादियों में की गयी , अब यह फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन के पश्चात रिलीज़ के लिए तैयार है , इस फिल्म को सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ की जनता 26 जनवरी से देख पाएंगे , इस फिल्म के गाने स्त्रञ्च म्यूजिक छत्तीसगढ़ में रिलीज़ की गयी है , जिसे जनता से खूब सारा प्यार मिल रहा है 7

इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा , काजल सोनबेर , मनमोहन सिंह ठाकुर , अंशु दास

मानिकपुरी, संजय महानंद , हेमलाल कौशल , शैलेन्द्र भट्ट , प्रदीप शर्मा , उपासना वैष्णव , अनुराधा दुबे , क्रांति दीक्षित , सोहैल खान , मनीषा वर्मा , दिव्या नागदेवे , राखी सींग , राकेश यादव , अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू , राजू शर्मा शामिल हैं। फ़िल्म की कथा , पटकथा , संवाद - राज वर्मा ने लिखा है , संगीत - सुनील सोनी का है गीतकार सूर्यकांत तिवारी , दिलीप पटेल , चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने लिखा है गाना - सुनील सोनी , अनुराग शर्मा , हिरेश सिन्हा , चंपा निषाद , अनुपमा मिश्रा , कंचन जोशी ने गाया है , गानों की रिकॉर्डिंग मिलन स्टूडियो कटक में हुआ है फ़िल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के परसदा गांव में ही हुई है फ़िल्म का निर्देशन राज वर्मा ने किया है , कैमरा तोरण राजपूत ने चलाया है , गानों की कोरिओग्राफी चन्दन दीप , राकेश यादव , नंदू तांडी और संजू तांडी ने किया है , एक्शन तंबी का है , एसोसिएट डायरेक्टर संतोष नारायण गुप्ता है , प्रोडक्शन मैनेजर धनराज साहू है , फ़िल्म के एडिटर राधे निर्वान हैं।

KIIT प्लेसमेंट 2023: छात्रों को रु. 63 लाख नौकरी की पेशकश, औसत वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि

भुवनेश्वर। केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ने स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम), स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट (केएसआरएम), स्कूल के लगभग 5000 योग्य छात्रों के लिए 750 से अधिक कंपनियों से 6200 जॉब ऑफर के साथ एक बार फिर शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है । जैव प्रौद्योगिकी (केएसबीटी), और स्कूल ऑफ लॉ (केएलएस), 2023 स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में औसत वेतन पैकेज में भी महत्वपूर्ण उछाल देखा गया। इस साल औसत सीटीसी रु.8.2 लाख को पार कर गई है , जबकि उच्चतम रु. 63 लाख, जिससे कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन के मामले में केआईआईटी को शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों की लीग में रखा गया।

प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा स्थापित केआईआईटी 1997 में उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में आकार लिया। तब से, यह व्यापक आर्थिक और नौकरी बाजार परिदृश्यों के बावजूद, सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगभग पूर्ण प्लेसमेंट दर्ज कर रहा है। 2004 में भारत सरकार द्वारा इसे डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किये जाने के बाद , KIIT ने देश में व्यावसायिक शिक्षा को फिर से परिभाषित किया है और शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान आउटपुट को पढ़ाने में मानक स्थापित किए हैं।

शिक्षा मंत्रालय की एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2022 में इसे देश के 16वें पाएदान पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में रखा है। यह प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में विश्व स्तर पर 601-800 के समूह में है। विश्वविद्यालय को NAAC द्वारा उच्चतम A++ ग्रेड से भी मान्यता प्राप्त है। स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के शैक्षणिक कार्यक्रम आईईटी, यूके और एबीईटी, यूएसए द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

KIIT स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में, 450 से अधिक कंपनियों द्वारा 5200 से अधिक नौकरी की पेशकश की गई, जिसमें 1800 से अधिक छात्रों को कई ऑफर मिले। 8.20 एलपीए के साथ लगभग 2000 रुपये की औसत सीटीसी के साथ ड्रीम ऑफर थे। कैपजेमिनी द्वारा सबसे अधिक ऑफर दिए गए, इसके बाद बॉश ग्लोबल सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने क्रमशः 302 और 242 ऑफर दिए।

इस वर्ष स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन पैकेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रुपये की उच्चतम सीटीसी के साथ , युगाबाइट द्वारा 63 एलपीए की पेशकश की गई थी, जबकि अमेज़ॅन, एटलसियन, लाइटबीम आदि जैसी 155 से अधिक कंपनियों ने 30 LPA रुपये से अधिक की सीटीसी की पेशकश की थी। 5 एलपीए प्लस, जिसमें सिस्को, फिलिप्स, आईओएन ग्रुप, रेजरपे सॉफ्टवेयर (पी) लिमिटेड, किकड्रम, सिलिकॉन लैब्स, श्लम्बरगर, जेडएस एसोसिएट्स, डेल टेक्नोलॉजीज, बीसीएन, आईट्रॉन, कॉमवॉल्ट, वीएमवेयर इत्यादि जैसी 47 कंपनियों ने सीटीसी की पेशकश की जो की रु.15 एलपीए से रु. 25 एलपीए है।

स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी की मुख्य शाखाओं के लिए, टीवीएस मोटर्स कंपनी, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, वोल्वो ग्रुप इंडिया, सैमसंग हेवी इंडस्ट्रीज इंडिया, रॉयल एनफील्ड, आर्सेलरमित्तल, निप्पॉन स्टील इंडिया, टाटा केमिकल्स, डालमिया सीमेंट, आशियाना हाउसिंग, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी 50 से अधिक कंपनियां , टाटा पावर, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स आदि ने 5 एलपीए से रु. 10 एलपीए सीटीसी के साथ कैंपस का दौरा किया। लगभग 60 कंपनियों द्वारा 1500 से अधिक सशुल्क इंटर्नशिप ऑफर दिए गए, जिनमें सबसे अधिक 1269 इंटर्नशिप ऑफर हाईरेडियस द्वारा दिए गए।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए और बीबीए के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए करीब 140 कंपनियां आईं। रेहलत द्वारा 22.75 एलपीए की रुपये की उच्चतम सीटीसी पेशकश की गई थी, जबकि खिमजी रामदास, एलियन ग्रुप, टाटा कम्युनिकेशंस, हेवो डेटा, ट्रिनामिक्स जैसी कंपनियों ने रु. 15 एलपीए.रुपये से अधिक की पेशकश की थी जो औसत सीटीसी रु. 9.50 एलपीए थी। कुल मिलाकर, लगभग 360 से अधिक ऑफर उत्पन्न हुए, जिससे स्कूल के लिए 98.05% प्लेसमेंट दर्ज किया गया।

केआईआईटी स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (केएसबीटी) ने परिसर में आने वाली 40 से अधिक कंपनियों के साथ 89त्र प्लेसमेंट दर्ज किया। रुपये की उच्चतम सीटीसी। नेस्ले द्वारा 7.00 एलपीए की उच्चतम सीटीसी पेशकश की गई थी, जबकि औसत रु.5 एलपीए था। एलुसिडाटा, जीएसके फार्मा, एनजीन बायोसाइंसेज, इंटास फार्मास्यूटिकल्स और हिमालय वेलनेस कंपनी जैसी कंपनियों ने रुपये 5 एलपीए. से अधिक की सीटीसी की पेशकश की।

कुल मिलाकर, 65 लॉ फर्मों और कंपनियों ने केआईआईटी लॉ स्कूल का दौरा किया, औसत 5 एलपीए.की उच्चतम सीटीसी रुपये की वेतन पैकेज के साथ 81% प्लेसमेंट मिला। डीएफडीएल (इंटरनेशनल) द्वारा 21.00 एलपीए की पेशकश की गई थी, जबकि रु. भरूचा एंड पार्टनर्स (घरेलू) द्वारा 13 एलपीए की पेशकश की गई थी। वाडिया गांधी एंड कंपनी, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी, एलओआरएम इमिग्रेशन सर्विसेज एलएलपी, एचडीएफसी एर्गो जीआईसी, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस जैसी कंपनियों ने रुपये 6.00 एलपीए से रु. 10.00 एलपीए. सीटीसी की पेशकश की।

केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसआरएम) में 133 बैच के लिए 60 कंपनियों ने दौरा किया है। उच्चतम पैकेज की पेशकश अवंती फाइनेंस द्वारा 9.50 एलपीए, की गयी जिसमें नेस्ले-इंडिया, बिगबास्केट, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल), बीआईएसके फार्म, टेक्नोसर्व इंडिया, महिंद्रा फाइनेंस जैसी कंपनियों ने रुपये 6.00 एलपीए से रु. 10.00 एलपीए सीटीसी की पेशकश की। . स्कूल ने 96% प्लेसमेंट और औसत रु. 5.50 एलपीए.सीटीसी दर्ज किया।

इस वर्ष अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट प्रदर्शन ने संस्थान के अभिभावकों और छात्रों के बीच खुशी बढ़ा दी है। KIIT का 350 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक गठजोड़ है, जो छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। KIIT हर साल लगभग 500 छात्रों को उच्च अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में अकादमिक प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करता है। छात्रों को पीएचडी सहित उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए शीर्ष यूरोपीय और अमेरिकी विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

हाइलाइट

- कैंपस प्लेसमेंट के लिए 750 से अधिक कंपनियां आई
- 6200 नौकरी के प्रस्ताव उत्पन्न हुए
- 1800 छात्रों को कई नौकरी के प्रस्ताव मिले
- उच्चतम सीटीसी रु. 63 एलपीए, औसत सीटीसी रु. 8.2 एलपीए
- 60 कंपनियों द्वारा 1500+ सवेतन इंटर्नशिप ऑफर .

घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़

कोरबा/नवप्रदेश। एक महिला के घर घुस कर छेड़छाड़ करते हुए मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत निवासरत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बांकीमोंगरा के बनवारी साइड अंबेडकर नगर में रहने वाला ईश्वर साहू 31 वर्ष उसके घर में घुस गया था और रात 10 बजे उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ के साथ मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बदतमीजी की। महिला ने चिल्लाते हुए बचाव की कोशिश भी की। इस बीच आरोपी एक कमरे में बंद हो गया। मामले की सूचना महिला ने अपने पति के साथ ही डायल 112 में सूचना दी। स्थल पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ कर थाना लेकर आई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 354, 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

गटर में मिला युवक का शव

भिलाई/नवप्रदेश। चरोदा में एक युवक का शव गटर में मिलने के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीन नंबर जीआरपी थाना क्षेत्र के चरोदा से युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ है. शव जिस जगह से मिला है वो रिहायशी इलाके से थोड़ा दूर है. पुलिस ने शक जताया है कि हत्या कहीं और कर लाश को ठिकाने लगाने के मकसद से शव को यहां फेंका गया. सेप्टिक टैंक से जब लाश को निकाला गया तो लाश के कान में ईयरफोन लगा हुआ था. पुलिस का कहना कि जिस इलाके से शव मिला है यहां जल्दी कोई आता जाता नहीं है। जिस जगह से शव को बरामद किया गया वहां कुछ आस पास के बच्चे खेलने के लिए पहुंचे थे. खेलने के दौरान ही एक बच्चे की नजर गटर के नीचे पड़ी तो देखा कि एक आदमी गिरा पड़ा है.

अवैध रूप से पशु तस्करी, 2 गिरफ्तार

एमसीबी/नवप्रदेश। अवैध रूप से पशु तस्करी करने के मामले में जनकपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 24 नग मवेशियों को जप्त किया है।बताया जाता है कि इन मवेशियों को उत्तर प्रदेश बूचड़खाना ले जाया जा रहा था। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 04/01/2023 जनकपुर पुलिस को विश्वनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खाडाखोह का तीरथ जोगी ग्राम हरफा के रास्ते से कुन्दौर मध्यप्रदेश की ओर से कृषक पशु भैंस भैंसा को जंगल के रास्ते खदेड़ते अवैध रूप से तस्करी करते हांकते हुए बूचड़ खाना उत्तर प्रदेश ले जा रहा है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अलेक्सियुस टोप्पो के दिशा निर्देश पर थाना जनकपुर पुलिस टीम के द्वारा ग्राम हरफा जंगल में रेड कार्यवाही किया गया।

भारी छूट भारी छूट भारी छूट

राजपाल फर्नीचर मॉल

फायनेंस सुविधा उपलब्ध

एक बार पधारकर क्वालिटी रेट अवश्य देखें

मार्केट से 20% कम रेट पर

पलंग, अलमारी ड्रेसिंग, आफिस टेबल, डाइनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, चेयर सभी का स्पेशल लाजवाब विशाल रेंज उपलब्ध एवं क्रॉम्पटन पंखा, एसी (AC) फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि उपलब्ध

पताः- दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने मेन रोड यदुनंदननगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9300612345, 9300671120